27 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 10



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# सीता सोरेन पर टिप्पणी को लेकर फंसे इरफान

## भाजपा हुई हमलावर तो एनसीएसटी ने भेजा नोटिस

- डीसी ने भी आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज करने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में चुनावी माहौल जम चुका है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। नेतागण एक-दूसरे पर तीखी टिप्पणी करने से भी नहीं चूक रहे। इसी क्रम में जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी को अपनी प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर की गयी टिप्पणी महंगी पड़ने लगी है। उनके खिलाफ जहां भाजपा नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है, वहीं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने राज्य के अधिकारियों को नोटिस किया है। उधर, जामताड़ा उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भी इरफान के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए इरफान अंसारी ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा को बोरो प्लेयर की जरूरत होती है। इनको जो रिजेक्टेड माल है, जो साजिश से जीत जाता है, पार्टी उसको हाइजेक कर लेती है। इससे नहीं चलेगा। सीता सोरेन ने इस पर कहा था कि पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। इरफान जी, माफी मांगिए। वरना उग्र विरोध होगा। भाजपा ने भी चुनाव आयोग में शिकायत की है।





### इरफान को कैबिनेट से बाहर निकालें: शिवराज



केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने इरफान अंसारी के बयान पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा है कि इरफान अंसारी को शर्म आनी चाहिए। जिस तरह का बयान दिया, वह सिर्फ सीता सोरेन का ही नहीं, बल्कि झारखंड की बहन-बेटी के साथ देश की नारी शक्ति का भी अपमान है। हेमंत सोरेन को अगर शर्म है, तो इरफान अंसारी को कैबिनेट से बाहर निकाल कर फेंक दें।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन: बाबूलाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान का ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार की महिला सदस्य के अपमान की चिंता नहीं है। राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए, वोट बैंक के लिए कितना नीचे गिरेंगे। सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी, एक जनप्रतिनिधि हैं। फिर भी मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गये अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सत्ता मद में डूब चुके हैं। थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत अन्य को नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता इरफान अंसारी का भाजपा की सीता सोरेन पर की गयी टिप्पणी का राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, जामताड़ा के उपायुक्त कुमुद सहाय और जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम बकारिब को नोटिस जारी किया है। आयोग ने उनसे इस मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

### जामताड़ा उपायुक्त ने लिया एक्शन

जामताड़ा (आजाद सिपाही)। जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। इसको लेकर जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जामताड़ा विधानसभा के आरओ, एसडीओ तथा एआरओ सह जामताड़ा बीडीओ को निर्देश दिया है। इरफान पर प्रत्याशी की भावना को ठेस पहुंचाने के मामले में केस होगा।

### मेरे वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से पेश किया गया: इरफान अंसारी

कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो जारी करते हुए कहा है कि झूठे वीडियो के सहारे सियासी खेल चल रहा है। भाजपा और सीता सोरेन के खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का दावा करेंगे। साथ ही चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि भाजपा और सीता सोरेन द्वारा मेरे वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से पेश किया गया है। ओरिजिनल वीडियो में मैंने सीता सोरेन का नाम तक नहीं लिया, फिर भी भाजपा की चालबाजियों में मेरे खिलाफ झूठ फैलाने के लिए वीडियो को क्रॉप कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा में आते ही उन्होंने अपना स्तर इतना गिरा लिया है कि झूठ के सहारे जामताड़ा की जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह मुझे बदनाम और प्रतिष्ठा पर आघात करने का प्रयास है।

# रविंद्र राय बने प्रदेश भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

- राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र किया जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टिकट कटने से नाराज चल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार राय को पार्टी ने झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस आशय का पत्र भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को जारी कर दिया। उन्होंने लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविंद्र कुमार राय को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। गौरतलब है कि रविंद्र राय पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हाल के दिनों में उनके झामुमो में जाने की चर्चा चली थी, हालांकि राय ने इसका खंडन कर दिया था। रविंद्र राय वर्तमान में भाजपा की ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक थे और प्रदेश कार्यसमिति में बतौर सदस्य की भूमिका में थे।

**नेतृत्व के प्रति आभार जताया:** नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी दी गयी है, उसे हम पूरा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोई नाराजगी नहीं थी। जो भी नाराज होकर चुनाव मैदान में खड़े हुए हैं, उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में जितना हम सफल हुए थे, उसे पार करने की कोशिश करूंगा। भाजपा ने झारखंड को जन्म दिया है, उसे बर्बाद नहीं होने देंगे।




### नेताओं ने दी बधाई


भाजपा प्रदेशध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य नेताओं पर पार्टी पदाधिकारियों ने रविंद्र राय को बधाई दी है। बाबूलाल ने कहा कि चूंकि प्रदेश अध्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं, वैसी स्थिति में संगठनात्मक कार्यों का निर्वाहन करने में परेशानी होती। इस वजह से उन्हें जिम्मेदारी दी गयी है। संगठनात्मक कार्य का उनको अनुभव रहा है, जिसका फायदा पार्टी को मिलेगा। उन्होंने रविंद्र राय की नाराजगी और पार्टी द्वारा डैमेज कंट्रोल की कोशिश को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव में संगठनात्मक कार्य देखने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का यह फैसला उचित है।

### न्यूज रील्स

#### चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों को दी हिदायत

रांची। निर्वाचन सदन में शनिवार को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ। नेहा अरोड़ा ने प्रेसवार्ता की। डॉ। नेहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा किसी की भावना को आहत करने वाले बयान से बचना चाहिए। ऐसा बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में ही एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। चुनाव आयोग के इन दिशा-निर्देशों को दोबारा राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।




MAXWELL & COMPANY
Deals In: Almirah, Table, Chair, Sofa, Dressing Table
Dinning Table, Bench Desk and All Type of House Furniture
Email: mailto:maxwelkokar@gmail.com | Mob.: 8825256066, 8825268687
Plot No. 13. Opp. Sadar Thana, Industrial Area, Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड की आधा दर्जन सीटों पर अब भी है सस्पेंस

## ■ कहीं गठबंधनों में पैदा हो गयी है दरार, तो कहीं प्रत्याशी नहीं

आजाद सिपाही विशेष

चुनाव, यानी लोकतंत्र का महापर्व और यदि चुनाव में सस्पेंस-रोमांच और थ्रिल नहीं हो, तो फिर उस चुनाव का कोई महत्व नहीं रह जाता है। झारखंड, जिसे कभी राजनीति की प्रयोगशाला कहा गया था, में आसन्न विधानसभा चुनाव से पहले सस्पेंस-रोमांच और थ्रिल, तीनों दिखायी दे रहा है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का काम पूरा हो गया है, जबकि दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का काम 29 नवंबर तक चलेगा। चुनाव प्रक्रिया का यह चरण कितना सस्पेंस भरा है, यह इसी बात से साफ हो जाता है कि राज्य की कम से कम सात ऐसी विधानसभा सीटें हैं, जहां या तो दोनों गठबंधनों के घटक दलों के बीच पेंच फंसा है या फिर अब तक यह तय नहीं हो सका है कि वहां के चुनाव मैदान में कौन उतरेगा। सस्पेंस वाली इन सात विधानसभा सीटों में से चार ऐसी हैं, जहां सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच विवाद पैदा हो गया है और इसके कारण पूरा चुनावी परिदृश्य बदलता हुआ दिखायी दे रहा है। इन सीटों में विश्रामपुर, छतरपुर, धनवार और जमुआ शामिल हैं। उधर विपक्षी एनडीए में भी टुंडी सीट को लेकर सस्पेंस बरकरार है कि यहां से कौन सा दल अपना प्रत्याशी देगा। इतना ही नहीं, दो सीटें ऐसी हैं, जहां सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस को प्रत्याशी की घोषणा करनी है। इन सात विधानसभा सीटों पर जारी सस्पेंस के कारण झारखंड विधानसभा का चुनाव बेहद रोचक दौर में पहुंच गया है। क्या है इन सात सीटों का सस्पेंस और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

आगामी 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी पूरे उफान पर है। पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने का काम पूरा हो गया है और अब दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर रहे हैं। यह काम 29 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा। लेकिन नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही झारखंड विधानसभा का यह चुनाव रोमांचक दौर में पहुंच गया है। इस रोमांच का कारण बनी हैं वे सात विधानसभा सीटें, जहां या तो गठबंधन के घटक दल एक-दूसरे को चुनौती देते हुए अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिये हैं या फिर प्रत्याशियों का नाम ही तय नहीं हो पाया है। झारखंड की इन सात विधानसभा सीटों ने इस चुनाव में सस्पेंस, रोमांच और थ्रिल पैदा कर दिया है।

### धनबाद: कांग्रेस को नहीं मिल रहा प्रत्याशी

सबसे पहले बात देश की कोयला राजधानी धनबाद की। यह सीट भाजपा का गढ़ रही है। 2014 और 2019 में यहां से भाजपा के राज सिन्हा ने जीत हासिल की थी। इस बार भी भाजपा ने उन्हें ही मैदान में उतारा है। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन में हुई सीट शेयरिंग के तहत धनबाद सीट कांग्रेस के कोटे में गयी है। लेकिन कांग्रेस ने अब तक यहां से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। सियासी हलके में अब चर्चा होने लगी है कि कांग्रेस के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जिसे धनबाद से उतारा जा सके। बताया जा रहा है कि कांग्रेस यहां से किसी अल्पसंख्यक को उतारना चाहती है, लेकिन उसे कोई ऐसा प्रत्याशी नहीं मिल रहा है, जो राज सिन्हा को टक्कर दे सके। लोकसभा चुनाव में भी उसने अंतिम समय में अनुपमा सिंह को धनबाद से उतारा था, जिन्होंने भाजपा के ढुल्लू महतो को टक्कर दी थी।

### बोकारो में भी कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार

धनबाद के बाद बोकारो दूसरी ऐसी सीट है, जहां से कांग्रेस को उम्मीदवार देना है, लेकिन उसने अब तक किसी को टिकट नहीं दिया है। शुरूआत में बोकारो से समरेश सिंह की बहू श्वेता सिंह को कांग्रेस का टिकट दिये जाने की चर्चा हुई थी, लेकिन अब यह सीट होल्ड पर है। 2014 और 2019 में यहां से भाजपा के बिरंची नारायण जीते थे। इस बार भी भाजपा ने उन्हें ही मैदान में उतारा है। लेकिन कांग्रेस की तरफ से अब तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं किये जाने के कारण चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ नहीं हुई है।



### टुंडी सीट पर भाजपा-आजसू में रस्साकशी

टुंडी तीसरी ऐसी विधानसभा सीट है, जहां से विपक्षी एनडीए का कौन सा दल लड़ेगा और उसका प्रत्याशी कौन होगा, यह अब तक तय नहीं हो सका है। एनडीए के दो बड़े घटक दलों, भाजपा और आजसू के बीच जो सीट शेयरिंग तय हुई थी, उसमें टुंडी सीट पर कोई फैसला नहीं हो सका था। आजसू इस सीट पर दावा ठोक रही थी, लेकिन भाजपा यह सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी। टुंडी से सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन की तरफ से झामुमो के मथुरा महतो प्रत्याशी हैं। उन्होंने 2019 में भी जीत हासिल की थी। आजसू ने टुंडी से अपने सुप्रीमो सुदेश महतो को उतारने की बात कही थी, लेकिन भाजपा इसके लिए तैयार नहीं हुई। ऐसे में अब तक यह तय नहीं है कि टुंडी सीट पर एनडीए का कौन घटक लड़ेगा और उसका प्रत्याशी कौन होगा।

### धनवार-जमुआ में झामुमो और माले आमने-सामने

अब बात धनवार और जमुआ विधानसभा सीट की। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन की सीट शेयरिंग में भाकपा माले को चार सीटें दी गयी थीं। इनमें बगोदर, निरसा, सिंदरी और धनवार सीट शामिल थी। इसके बाद माले ने धनवार से राजकुमार यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। लेकिन इसके अगले ही दिन इस पर विवाद हो गया और झामुमो ने निजामुद्दीन अंसारी को यहां से प्रत्याशी बना दिया। इससे माले बिफर गया और उसने गठबंधन से अलग होने की धमकी तक दे डाली। पार्टी ने धनवार का बदला जमुआ से लिया, जहां झामुमो ने केदार हाजरा को टिकट दिया, तो माले ने अशोक पासवान को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। माले ने कहा है कि यदि झामुमो ने अपना प्रत्याशी वापस नहीं लिया, तो वह गठबंधन से अलग हो जायेगा। बता दें कि धनवार से भाजपा के प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हैं, जबकि जमुआ से उसने मंजू देवी को उतारा है, जो हाल ही में कांग्रेस छोड़ कर उसके पाले में आयी हैं।

### विश्रामपुर में राजद और कांग्रेस आमने-सामने

धनवार और जमुआ में एक तरफ जहां झामुमो और भाकपा माले में सामंजस्य नहीं बन पाया है, तो दूसरी ओर पलामू की विश्रामपुर सीट पर इंडी गठबंधन के दो महत्वपूर्ण दल राजद और कांग्रेस के उम्मीदवार एक-दूसरे से मुकाबला करते नजर आयेंगे। सीट शेयरिंग में विश्रामपुर सीट राजद के कोटे में गयी थी और उसने इस सीट से राम नरेश सिंह को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद कांग्रेस ने सुधीर चंद्रवंशी को उम्मीदवार बना दिया और इसके साथ ही यहां मुकाबला रोचक हो गया। कांग्रेस और राजद ने एक-दूसरे पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाया है। विश्रामपुर सीट पर 2014 और 2019 में भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी जीते थे।

### छतरपुर में भी कांग्रेस-राजद की बीच टेंशन

विश्रामपुर सीट पर पैदा हुआ विवाद अभी जोर पकड़ ही रहा था कि पास की छतरपुर सीट पर भी कांग्रेस और राजद के बीच तनाव पैदा हो गया। सीट शेयरिंग में छतरपुर सीट कांग्रेस के कोटे में गयी थी। पार्टी ने कुछ घंटे पहले अपने खेमे में आये राधाकृष्ण किशोर को यहां से उम्मीदवार बना दिया। तब तक विश्रामपुर में विवाद गहरा चुका था, तो राजद ने वहां का बदला छतरपुर में ले लिया और उसकी ओर से विजय राम ने नामांकन दाखिल कर दिया। इस तरह छतरपुर और विश्रामपुर में अब राजद और कांग्रेस दोनों दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। कांग्रेस ने कहा है कि सीट शेयरिंग के तहत राष्ट्रीय जनता दल को पांच सीटें ही मिली थीं, लेकिन उसने मनमानी करते हुए छह सीटों पर उम्मीदवार दे दिया है। उधर राजद ने कहा है कि कांग्रेस ने छतरपुर सीट से उम्मीदवार देकर समझौता तोड़ा है।

---

## घाटशिला-पोटका-बहरागोड़ा का चुनावी परिदृश्य

# झामुमो को पुराने और भाजपा को नये रंगरूट पर भरोसा

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** आसन्न विधानसभा चुनाव में दलीय-निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन की प्रक्रिया पूरी करके अब मैदान-ए-जंग में पूरी तैयारी के साथ उतर चुके हैं। सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार गठबंधन दलों के स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मिल-बैठकर चुनावी व्यवस्था मुहैया करवाने का वायदा करके सहयोग का आग्रह कर रहे हैं। तो दूसरी ओर, अपने दल के योद्धाओं को मुस्तैद करके, उनका हौसला बढ़ाकर गांव - मुहल्लों का रुख करवा चुके हैं। दूसरी तरफ, मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भी अपने सहयोगी आजसू पार्टी संग बैठक का कोरम पूरा कर चुकी हैं। इसके अलावे बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका विस क्षेत्र से जेकेएलएम, एसयूसीआइ सहित कुछ अन्य दलीय - निर्दलीय भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने उतरे हैं। घाटशिला सीट पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं मुसाबनी ब्लॉक प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने भी आखिरी दिन नॉमिनेशन कर दिया। इन तीनों ही सीट पर मुख्य मुकाबला झामुमो एवं भाजपा के बीच माना जा रहा है।

### जो जमीन पर करेगा काम, उसके पक्ष में आयेगा परिणाम

बहरागोड़ा सीट पर झामुमो के समीर मोहंति और भाजपा के कद्दावर नेता डॉ दिनेशानंद गोस्वामी वर्ष 2014 के विस चुनाव में भी आमने - सामने थे।

### ■ झामुमो के तीन विधायकों के सामने सीट बचाने की चुनौती

### ■ मीरा, दिनेशानंद और बाबूलाल पर कमल खिलाने की जिम्मेदारी


समीर मोहंति


बाबूलाल सोरेन


मीरा मुंडा

तब के चुनाव में डॉ गोस्वामी तो भाजपा के ही प्रत्याशी थे लेकिन समीर मोहंति तब झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर भाग्य आजमाने उतरे थे। समीर वर्ष 2000 में निर्दलीय, 2004 एवं 2009 में आजसू तथा 2014 में जेवीएम के टिकट से लड़े थे और जीत नहीं पाये थे। लेकिन 2019 में समीर को जब झामुमो ने अपना प्रत्याशी बनाया और हाथ में तीर - धनुष आते ही वह विधानसभा की चौखट लांघने में सफल रहे। पार्टी ने एक बार फिर से समीर पर भरोसा जताया है।

2014 के विस चुनाव में डॉ गोस्वामी को भाजपा, समीर को जेवीएम और कुणाल षाड़ंगी को झामुमो ने अपना प्रत्याशी बनाया था। तब कुणाल विजयी हुए थे और डॉ गोस्वामी एवं समीर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे थे। लेकिन तब के चुनाव में डॉ गोस्वामी एवं समीर को 42 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त हुए थे। इस बार फिर से दोनों आमने -सामने हैं। दोनों ही नेताओं के समर्थक सोशल मीडिया पर कुश्ती करते दिख रहे हैं। उन्हें समझना और आत्मसात करना होगा कि जमीन पर की गयी मेहनत से ही पक्ष में परिणाम आता है। दोनों ही दलों के पास कार्यकर्ताओं की फौज है। उनका सही इस्तेमाल होने से ही पक्ष में परिणाम आयेगा।

### भाजपा : थोड़ा है थोड़े की जरूरत है, झामुमो एकजुट

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित घाटशिला सीट पर झामुमो ने अपने पुराने साथी रामदास सोरेन पर भरोसा किया है, तो भाजपा ने इस सीट पर चुनाव दर चुनाव कैंडिडेट चेंज करने के रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए नये चेहरे बाबूलाल सोरेन पर दांव लगाया है। रामदास सोरेन इस सीट से वर्ष 2009 एवं 2019 में चुनाव जीत चुके हैं और अब तीसरी बार विजेता बनाने के लिए उनके और उनकी पार्टी के समर्थक गांव-गांव अभियान चला रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन हैं। अभी हाल ही में झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए युवा चेहरा बाबूलाल सोरेन के पीछे पार्टी संगठन से जुड़े नेता-कार्यकर्ता तो हैं ही, उनके पुराने सहयोगी भी फील्ड में काफी पहले से मेहनत कर रहे हैं। बाबूलाल को भाजपा का टिकट मिलने के बाद से घाटशिला भाजपा में बवाल भी कम नहीं मचा है। पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने पार्टी छोड़ दी, तो एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामदेव हेंब्रम ने बतौर निर्दलीय नामांकन भर दिया है। इसके अलावा पिछली बार के प्रत्याशी लखन मार्डी और डॉ सुनीता देबदूत सोरेन को झटका लगा है। नामांकन सभा में ये दोनों दिखाई नहीं पड़े। हालांकि नामांकन के दूसरे दिन लखन मार्डी ने अपना जन्मदिन भाजपा जिला कमेटी के साथ मिलकर मनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। टिकट चाहने वाले जिप सदस्य युवा नेता सुभाष सिंह एवं पूर्व जिप सदस्य सह जिला मंत्री गीता मुर्मू पार्टी फैसले का समर्थन करते दिख रहे हैं। कुल मिलाकर, यहां झामुमो एकजुट है तो भाजपा में एकजुट होने की गुंजाइश है।

### पोटका: सीट बचाने और हासिल करने की जद्दोजहद

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित पोटका विधानसभा सीट पर भी लगातार तीसरी बार झारखंड मुक्ति मोर्चा नेतृत्व ने युवा नेता संजीव सरदार पर विश्वास बरकरार रखा है, तो मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने मीरा मुंडा के रूप में नये चेहरे पर भरोसा दिखलाया है। मीरा मुंडा सामाजिक कार्यों में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। मीरा मुंडा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे अर्जुन मुंडा की पत्नी हैं और चुनाव पहली दफा लड़ रही हैं। इस सीट से भाजपा पहले तीन बार जीत चुकी है और यहां पार्टी का मजबूत संगठन एवं परंपरागत वोट बैंक है। मीरा को प्रत्याशी बनाये जाने से भाजपाइयों में काफी उत्साह भी झलक रहा है। दूसरी तरफ, झामुमो प्रत्याशी एवं विधायक संजीव सरदार को पांच साल के विकास कार्यों के अलावा राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं और पार्टी के जुझारू कार्यकर्ताओं पर भरपूर भरोसा है। एक तरफ पोटका विस क्षेत्र के भाजपाइ प्रत्याशी के नाम की बाट जोह रहे थे, तो दूसरी ओर झामुमो कार्यकर्ता प्रत्याशी को लेकर निश्चिंत होकर अपना फील्ड मजबूत करना शुरू कर चुके थे। जीत की फुलप्रूफ स्कीम पर दोनों दल काम कर रहे हैं। इस सीट पर झामुमो को भूमिज /सरदार एवं संथाल वोटरों का भरोसा है, तो भाजपा को भूमिज /सरदार / मुंडा / पुराण एवं ओबीसी-सामान्य जाति के वोट मिलने का विश्वास है। अब देखना है कि संजीव अपनी सीट बचाने में कामयाब होते हैं या अपने पहले प्रयास में ही मीरा मुंडा विधानसभा चुनाव में किला फतह कर पाती हैं?

---

# आलमगीर की गैर मौजूदगी में पत्नी निसात अब पाकुड़ में कांग्रेस की कमान सभालेंगी

पार्टी ने टिकट दे बनाया कैंडिडेट, रविवार को कार्यकर्ताओं संग पहली बार होंगी रूबरू

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस की मजबूती और पकड़ को बरकरार बनाये रखने के लिए पार्टी ने आलमगीर की पत्नी निसात आलम को कैंडिडेट बनाकर विपक्ष को चौंका दिया है। निसात आलम पाकुड़ विधान सभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट लेकर शनिवार को अपने गांव गुमानी पहुंची और कल यानी रविवार को पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय आकर चुनाव की तैयारी और जीत की रणनीति पर अपने 36 पंचायत के कार्यकर्ताओं संग जीत पर मंथन करेंगी। निसात आलम ने साफ तौर पर कहा कि वे अपने पति के अधूरे विकास काम को आगे बढ़ाने का काम करेंगी, जनता का पूरा उन्हें सपोर्ट मिल रहा है। पाकुड़ के विकास के मुद्दे को लेकर जनता और कार्यकर्ता के बीच पहुंचकर एक बड़ी मार्जिन से जीत सुनिश्चित के लिए जनता से अपील करूंगी। कहा कि वह 29 अक्टूबर को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी। निश्चित रूप से निशात आलम पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की कमी को कार्यकर्ताओं के बीच आकर उनका मनोबल और उन्हें प्रोत्साहित करने रविवार को पहली बार कांग्रेस पार्टी कार्यालय में दिखेंगी। माना जा रहा है कि आलमगीर आलम के न्यायिक हिरासत में रहने के कारण कांग्रेस के शीर्ष नेता ने उनकी पत्नी को टिकट देने का फैसला लेना बेहतर समझा । इस बाबत कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनसारुल हक ने बताया कि आलमगीर साहब की पत्नी रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ पहली बार कांग्रेस भवन में रूबरू होंगी और विधानसभा चुनाव को लेकर उनके साथ चर्चा करेंगी।

# हिमंता के हुसैनाबाद में दिये गये भाषण के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकतंत्र बचाओ अभियान ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिख कर असम के मुख्यमंत्री भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा 23 अक्टूबर 2024 को झारखंड के हुसैनाबाद में दिये गये सांप्रदायिक चुनावी भाषण के विरुद्ध शिकायत की गयी। मांग की गयी कि उनके विरुद्ध न्यायसंगत और सख्त कार्रवाई हो। पत्र में कहा गया है कि 23 अक्टूबर 2024 को हुसैनाबाद (जपला) पलामू भाजपा के चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने हुसैनाबाद गांव के नाम पर सवाल उठाते हुए मुसलमानों के खिलाफ हिंसापूर्ण बातें कहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.4 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.50 बजे |



# झारखंड में कम नहीं हैं समाजसेवा के कथित शौकीन

**चुनाव में पहले चरण के लिए 804 लोगों ने नामांकन किया**

**जमशेदपुर (पूर्वी) में सबसे अधिक मारामारी, 30 उम्मीदवार ने किया नामांकन**

प्रशांत झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रोजगार के लिए रिक्तियां निकलते ही लाखों आवेदन आ जाते हैं। तथाकथित समाजसेवा करने यानी नेतागिरी के लिए वैसी मारामारी अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन खुशी की बात है कि अब धीरे-धीरे इसके शौकीन बढ़ते जा रहे हैं। पहले चरण का नामांकन शुक्रवार को समाप्त हो गया। स्क्रूटनी शुरू हो चुकी है। रविवार को सही पाये जाने वाले नामांकन को प्रकाशित कर दिया जायेगा। नाम वापसी के लिए 30 अक्टूबर तक समय रहेगा। इसके बाद चुनाव मैदान में ताल-ठोकने वाले प्रत्याशी अंतिम रूप से रह जायेंगे।




अब तक जो आंकड़े हैं, उसके अनुसार पहले चरण में चुनाव लड़ने के शौकीनों की संख्या चौंकाने के लिए काफी हैं। चुनाव लड़ने के लिए 804 लोगों ने पर्चा दाखिल किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या जमशेदपुर (पूर्वी) की है। यहां से 32 लोगों ने नामांकन किया है।

पहले चरण का मतदान: 13 नवंबर

कितने विधानसभा सीटों पर मतदान: 43

एसटी के लिए आरक्षित: 20

एससी के लिए आरक्षित: 6

नामांकन दाखिल किया गया: 18 से 25 अक्टूबर तक

नामांकन पत्रों की जांच: 28 अक्टूबर

नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि: 30 अक्टूबर

कुल नामांकन: 804 (स्क्रूटनी और नाम वापसी से पहले)

तथाकथित समाजसेवियों की श्रेणी अलग-अलग होती है। कुछ समाजसेवी चुनावी मौसम आते ही कांग्रेस, भाजपा जैसे राष्ट्रीय दल या झामुमो, आजसू जैसे प्रदेश स्तर के राजनीतिक पार्टी से टिकट की फिराक में लग जाते हैं। उनकी ख्वाहिश होती है, कहीं से टिकट मिल जाये। जरूरत पड़ी तो दल और आस्था भी बदल लिया। अगर इससे भी नहीं हुआ तो बागी होकर निर्दलीय ही ताल ठोकने को तैयार रहते हैं। बस चुनाव लड़ना है। ऐसे शौकीन को वोट कटू भी कहा जाता है। दूसरी श्रेणी वैसे लोगों की होती है, जो गली-मोहल्ले में सालों भर नेतागिरी की धौंस देते हैं और चुनाव में चमक को बनाने के लिए नमांकन कर देते हैं। उन्हें मोहल्ला-टोला से अधिक कोई जानता भी नहीं। तीसरे श्रेणी के लोग होते हैं, जिन्हें चुनाव लड़ने का शौक है और मैदान में ऐसे ही शौक पूरा करने उतर जाते हैं। इन दोनों श्रेणी के लोगों को हार-जीत और वोट से बहुत अंतर नहीं पड़ता। वहीं एक श्रेणी है, जो वास्तव में राजनीति ही करती है और किसी न किसी दल से जुड़ कर चुनाव मैदान में हार-जीत और सरकार गठन में भूमिका निभाती है। प्रथम चरण के लिए दाखिल 804 पर्चों पर नजर दौड़ायी जाये, तो इन सभी श्रेणी के शौकीन मिल जायेंगे।

**टॉप तीन नामांकन वाली विधानसभा सीट**

- जमशेदपुर (पूर्वी)-32
- जमशेदपुर पश्चिमी-31
- हटिया-30

**सबसे कम नामांकन वाली विधानसभा सीट**

- हजारीबाग-11
- सिमरिया-11
- खरसांवा-11
- खूंटी-11

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSIONS OPEN (SESSION 2025-26)
Registration forms for admission in Pre-Nursery to Std. IX are available. Forms can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 4th November to 19th November 2024. Forms are also available at School Office, 8:00 AM to 1:00 PM. Last date of submission is 20th November 2024.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
For details contact us at : 7542983222, 9771435100, 9931069966
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com
Principal

# झारखंड का भविष्य खतरे में है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड का भविष्य खतरे में है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उठो साथियों, उठो भाइयों परिवर्तन करना होगा। रोटी बेटी माटी खातिर अब हमको लड़ना होगा।

**झारखंड के युवा हर रोज कड़वा घूंट पीने को विवश :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि झारखंड के युवा और छात्र कभी पेपर लीक, तो कभी 5 साल में एक भी परीक्षा के सफल आयोजन ना कराये जाने का कड़वा घूंट हर रोज पीने को विवश हैं। इसके बाद भी जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार को युवाओं की कोई चिंता नहीं है।

**सरकार के संरक्षण में पनप रहे नौकरी बेचने वाले गिरोह :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने हर साल जेपीएससी की परीक्षा के आयोजन का वादा किया था, परंतु वादा पूरा करने के बजाय सरकार के संरक्षण में नौकरी बेचने वाले गिरोह पनप रहे हैं। नौकरी में पैरवी एवं घूस देने वालों भर का चयन होने से झारखंड के युवाओं का मनोबल टूट रहा है। इसके बाद भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली हेमंत सरकार सिर्फ झूठ बोलकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है।



**हेमंत सोरेन ने नौकरी नहीं दी, युवा हैं निराश**

बाबूलाल के अनुसार युवाओं को रोजगार देने के मामले में हेमंत सरकार देश की सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है। सरकार बनी तो एक साल में 5 लाख नौकरी नहीं, तो राजनीति से संन्यास लेने का ढोल पीटने वाले हेमंत सोरेन के इस्तीफे का इंतजार झारखंड के सभी युवा बेसब्री से कर रहे हैं।

# राजा पीटर ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात, चुनाव को लेकर हुई बातचीत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तमाड़ से एनडीए के प्रत्याशी राजा पीटर ने शनिवार को बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की है। यह मुलाकात बाबूलाल मरांडी के मोरहाबादी स्थित आवास में हुई है। बता दें कि हाल ही में राजा पीटर ने जदयू ज्वाइन किया है। जिसके बाद उन्हें जदयू ने तमाड़ सीट से उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है। बता दें कि राजा पीटर साल 2009 में हुए तमाड़ उपचुनाव के वक्त सुर्खियों में आये। तब मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन के लिए उपचुनाव जीतना जरूरी था। पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एक स्कूल कार्यक्रम में दिनदहाड़े हत्या के बाद तमाड़ सीट खाली थी। शिबू सोरेन कान्फिडेंट थे।

लेकिन तमाड़ में वे राजा पीटर से हार गये। राजा पीटर राज्य के मद्य एवं निषेध मंत्री भी रह चुके हैं। वह झारखंड जदयू के अध्यक्ष भी रहे हैं।

# मुझे मिला तो सिर्फ जख्म : शशांक शेखर

**पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता का छलका दर्द**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष का दर्द छलक आया है। उनके इस दर्दभरी बयां से राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गयी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि वे 34 साल से झामुमो से जुड़े रहे। निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की। गरीबों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के सम्मान की रक्षा के लिए सामंती व्यवस्था से टकराया। अपने जीवन को जोखिम में भी डाला। कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**मुझे मिला तो सिर्फ जख्म :** भोक्ता ने आगे लिखा है कि इन सबके बावजूद मुझे सिर्फ जख्म ही मिला। अब मैं जनता की अदालत में न्याय के इंतजार में हूं। वर्ना राजनीति और अपने क्षेत्र से संन्यास ही एकमात्र विकल्प है। बताते चलें कि इस चुनाव में शशांक शेखर भोक्ता को टिकट नहीं मिला। झामुमो ने सारठ से उदय शंकर सिंह पर दांव लगाया है। हालांकि भोक्ता चुनाव की तैयारी में लगे थे। राजनीतिक गलियारों में अब इस बात की भी चर्चा हो रही है, वे अब नया ठिकाना तलाश कर रहे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | जमीन-जायदाद,स्थिर सम्पत्ति से संबंधित काम बनेंगे, दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी। |
| वृष | भाग्य-कर्म-प्रारब्ध के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा। |
| मिथुन | साहस-पराक्रम-पुरुषार्थ से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी, रोजी-रोजगार में शपलता। |
| कर्क | राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। |
| सिंह | गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ। |
| कन्या | चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी। अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। |
| तुला | नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। |
| वृश्चिक | रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| धनु | सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी। हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति। |
| मकर | मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी। |
| कुंभ | आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है,घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं। |
| मीन | आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नए मेहमान का आगमन होगा। |

# जेएलकेएम ने सातवीं सूची जारी की, जयराम डुमरी और बेरमो से भी लड़ेंगे चुनाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** जयराम की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोरचा ने अब तक 74 सीटों पर उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। इस सूची में जयराम महतो खुद बेरमो सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। इस तरह जयराम ने डुमरी और बेरमो दोनों सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वहीं रांची सीट से प्रत्याशी को भी बदला गया है। अब रांची सीट से प्रेम नायक की जगह राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। शनिवार को जयराम की पार्टी ने नौ उम्मीदवारों की घोषणा की। जिसमें बेरमो से जयराम महतो, चंदनक्यारी से अर्जुन रजवार, खिजरी से सरिता तिर्की, गोमिया से अमरेश महतो, लिट्टीपाड़ा से मार्क बास्के, सारठ से अजहर अंसारी,जामा से देबिन मुर्मू, मांडू से बिहारी महतो, शिकारीपाड़ा से अविनाश हेंब्रम और रांची से राजकिशोर महतो को उम्मीदवार बनाया है।

## झारखंड ऊर्जा विभाग से 100 करोड़ की फर्जी निकासी का मामला

# एसआइटी ने 37.18 लाख रुपये किये बरामद, बैंक मैनेजर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विभाग से 100 करोड़ की फर्जी निकासी मामले में एसआइटी ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एसआइटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 37.18 लाख रुपये बरामद किया है। इस मामले में रांची के ओबरिया रोड से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरसा चौक शाखा के ब्रांच मैनेजर अवशेष लकड़ा को गिरफ्तार किया है। एसआइटी की टीम ने इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक 1.23 करोड़ रुपये नगद और 16.70 लाख के गहने बरामद किये हैं। इसके अलावा अभी तक 350 विभिन्न बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है।



**क्या है पूरा मामला**

झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ ट्रांसफर करने का मामला सामने आया था। इसे लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज है। वहीं तीन अक्टूबर को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम फाइनेंस द्वारा 10.4 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड ने 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट ने 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी थी।

# झारखंड के चुनावी अखाड़े में ओवैसी के सात उम्मीदवार




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम भी कूद पड़ी है। पार्टी ने सात उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जिसमें पाकुड़ से हाजी तनवीर आलम, महगामा से कामरान खान, रांची से महताब आलम, जमशेदपुर पश्चिमी से बाबर खान, चतरा से सुबोध पासवान, बड़कागांव से शमीम अंसारी और गढ़वा से डॉ एमएम खान को उम्मीदवार बनाया है।

# चुनाव आयोग के पुलिस आब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग के पुलिस आब्जर्वर ने शनिवार को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। ऑब्जर्वर आइपीएस राहुल मलिक ने रांची के पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे। झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। पहले चरण के नॉमिनेशन की प्रक्रिया संपन्न हो गयी है। 43 विधानसभा सीटों पर 804 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। सबसे अधिक जमशेदपुर पूर्वी से 32, जमशेदपुर पश्चिमी से 31 और हटिया विधानसभा क्षेत्र से 30 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। 18 अक्टूबर को पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी हुई थी। 25 अक्टूबर पहले चरण के नॉमिनेशन करने की अंतिम तारीख थी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं, 30 अक्टूबर प्रत्याशियों के नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।



# एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक या वैसे दिव्यांग मतदाता जो घर से मतदान करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म 12 डी उपलब्ध करा दें।

रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी और जिलों के पुलिस पोस्टल बैलेट एवं पोस्टल बैलेट सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि अनुपस्थित वोटर, जो पोस्टल बैलट से मतदान की अर्हता रखते हैं और इच्छुक हैं, उन मतदाताओं को फॉर्म 12 या 12डी अवश्य उपलब्ध करा दें। उन्होंने समीक्षा के क्रम में कहा कि सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए इच्छुक मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें।



कुमार ने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कार्य में लगे सहायक पुलिस कर्मियों के मतदान की भी व्यवस्था करा लिया जाये, जिससे कर्तव्य पर रहते हुए वह मताधिकार से वंचित न हों। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिले में मतदान कर्मियों का राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के जरिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ट्रेनिंग की भौतिक समीक्षा अवश्य करें एवं इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि मतदान कर्मियों को इवीएम क्लोजिंग डाटा संग्रहण का संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि या संशय की स्थिति उत्पन्न न हो।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी जिले में होम वोटिंग एवं निर्वाचन में लगे मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया का कैलेंडर जारी किया गया है। इस कैलेंडर का अनुपालन करते हुए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक के या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं, उनके लिए होम वोटिंग की व्यवस्था करनी है। इसके लिए बीएलओ के जरिये चिह्नित मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एक टॉल फ्री नंबर दे दें, जिससे होम वोटिंग के लिए यदि कोई इच्छुक मतदाता है, तो वह संपर्क कर फॉर्म उपलब्ध कराने को कह सकें।

इस अवसर पर अवर सचिव घनश्याम प्रसाद सहित पुलिस पोस्टल बैलेट एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# किसी की भावना को आहत करनेवाले बयान से बचें प्रत्याशी : डॉ नेहा अरोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** निर्वाचन सदन में शनिवार को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने प्रेसवार्ता की। डॉ. नेहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा किसी की भावना को आहत करने वाले बयान से बचना चाहिए। ऐसा बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में ही एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। चुनाव आयोग के इन दिशा-निर्देशों को दोबारा राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश में मुख्य रूप से कहा गया है कि मतदाताओं की जातिगत/सांप्रदायिक भावानाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जायेगी। मतदाताओं को गुमराह करने के उदेश्य से राजनैतिक दल और कार्यकर्ता बगैर तथ्यात्मक आधार के कोई गलत बयानबाजी नहीं करेंगे। बगैर प्रमाणित आरोप के तोड़-मरोड़ कर अन्य दलों अथवा दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं की आलोचना नहीं करनी है। नेताओं अथवा कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के किसी पहलू, जो सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित नहीं हों, की आलोचना नहीं की जायेगी। अपने विरोधी को अपमानित करने के लिए व्यक्तिगत आक्षेप के निम्नतम स्तर का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

कहा कि चुनाव प्रचार के लिए पूजा स्थलों का उपयोग नहीं किया जायेगा। खासकर धार्मिक उपहास और निंदा के संदर्भ नहीं दिये जा सकते। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी ऐसे बयान से परहेज करना है, जिन्हें महिलाओं के सम्मान और प्रतिष्ठा के प्रतिकूल माना जा सकता है। सोशल मीडिया में विरोधियों को अपमानित या तिरस्कार करने वाले, गरिमा से नीचे के पोस्टों को साझा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। उन्होंने बताया अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ 19 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। राज्य में 57.66 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

# बीपीएल बच्चों के नामांकन में गड़बड़ी : अजय राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि राज्य के स्कूलों में बीपीएल बच्चों के नामांकन में मनमर्जी की जा रही है। जो शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 का उल्लंघन है। अध्यक्ष अजय राय ने कहा, यह शिक्षा अधिकार अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। हम राज्य सरकार से मांग करते हैं कि इस मामले में जांच करायी जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

उन्होंने आगे कहा कि समय पर सूची का प्रकाशन न होना और एडमिशन प्रक्रिया खत्म होने के बाद सूची उपलब्ध कराना डीएससी (जिला शिक्षा कार्यालय) कार्यालय की नियति बन गयी है, जिससे सैकड़ों बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बड़े संस्थानों द्वारा बीपीएल बच्चों की सीटें कम की जा रही हैं, जो एक सुनियोजित षड्यंत्र है। अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीएससी कार्यालय और स्कूल प्रबंधन मिलकर इस तरह का षड्यंत्र रच रहे हैं ताकि बीपीएल बच्चों का नामांकन ना हो।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गांधी दर्पण प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हिंदी-संस्कृत, जर्मन एवं फ्रेंच विभाग ने सामूहिक रूप से गांधी दर्पण नामक गांधी के जीवन दर्शन से संबंधित एक आकर्षक प्रदर्शनी लगायी। इस प्रदर्शनी में कक्षा षष्ठ से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कई तरह के 3डी मॉडल प्रस्तुत किये, जिसमें गांधी जी का चरखा, बापू के तीन बंदर, भारतीय मुद्रा में गांधीजी, खादी, लघु एवं कुटीर उद्योग, गांधी जी के आंदोलन, दांडी यात्रा आदि प्रमुख थे। गांधी के विचारों एवं दर्शन से संबंधित चार्ट और गांधी जी से संबंधित क्विज का भी आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण था बच्चों द्वारा दांडी यात्रा की लाइव प्रस्तुति। साथ ही गांधी जी के वस्त्रों के साथ सेल्फी प्वाइंट। कक्षा 9वीं एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं ने लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए खादी वस्त्र पहनकर आकर्षक रैम्प वॉक किया। विद्यालय के संगीत विभाग के बच्चों ने आयोजन के दौरान लगातार गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि गांधी जी के जीवन आदर्शों को अपनाकर हर व्यक्ति ईमानदार, सच्चा, स्वाभिमानी और सच्चे अर्थों में देशभक्त इंसान बन सकता है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में कला एकीकृत शिक्षा के प्रति रुचि जागृत होती है।

# टेंडर हार्ट के रौनक ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र रौनक राज महतो ने एसजीएफआइ नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। 21 से 26 अक्टूबर तक डीपीएस भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में रौनक ने अंडर-19 कैटेगरी में 10 मीटर राइफल शूटिंग में 400 में से 400 अंक प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। इस अद्वितीय जीत के साथ, रौनक पूर्वी भारत के सभी राज्यों झारखंड, बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और असम के इकलौते शूटर बन गये हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है। इस सफलता के साथ ही, रौनक ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। टेंडर हार्ट के वाइस चेयरमैन वेदांत तिवारी ने रौनक की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, रौनक की सफलता हमारे विद्यालय की मेहनत और समर्पण का फल है। यह इस बात का प्रमाण है कि टेंडर हार्ट में बच्चों के कौशल पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे छात्र भविष्य में ओलंपिक में भाग लेकर देश का नाम रोशन करेंगे। टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी, प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती, और हेडमिस्ट्रेस शिवांगी शुक्ला ने भी रौनक को उसकी इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रभात तारा विद्यालय धुर्वा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रभात तारा विद्यालय धुर्वा रांची में फादर जार्ज स्वाइजन गर्ल्स मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट फादर जार्ज स्वाइजन जो कि प्रभात तारा मध्य विद्यालय धुर्वा के निर्माण करता रहे हैं इसी की यादगार में गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। फादर एंथोनी एसजे के द्वारा इस टूर्नामेंट की शुरूआत 2018 में की गयी। इस 6ठे इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 25 टीम आयी हुई थी। जिसमें 12 टीम जूनियर टीम थी और 13 टीम सीनियर टीम थी। यह टूर्नामेंट तीन दिवसीय टूर्नामेंट थी। फाइनल रिजल्ट कुछ इस प्रकार है:- जूनियर टीम की विजेता आर सी मीडिल स्कूल पतराचौली व आरसी मिशन स्कूल सपारोम उपविजेता।

### सीनियर ग्रुप का रिजल्ट कुछ इस प्रकार है

- अंगों इपील रूमतुकेल की टीम विजेता रही।
- प्रभात तारा सिंगपुर की टीम उपविजेता रही।

# एलजीपी ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी ने 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सहित सभी सांसद और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान राष्ट्रीय समिति के अन्य पदाधिकारी एनडीए समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में जनता से वोट मांगेंगे। इस सूची में सांसद अरुण भारती, वीणा देवी, राजेश वर्मा और आइ शांभवी जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। बता दें कि चिराग पासवान चतरा में अपने पार्टी प्रत्याशी जनार्दन पासवान के नामांकन के साथ-साथ सिमिरिया और भावनाथपुर के बीजेपी प्रत्याशियों के नामांकन में भी शामिल हुए थे। बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में 100% स्ट्राइक रेट के साथ शानदार प्रदर्शन कर चुकी लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान की झारखंड में भी अच्छी खासी मांग देखी जा रही है।

# संस्थान के विकास के लिए शिक्षा की गुणवत्ता जरूरी : सुदीप दास

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** उच्चतर शिक्षा हेतु एकेडमिक गुणवत्ता अत्यंत आवश्यक है। आइक्यूएसी की भूमिका इसमें और महत्वपूर्ण हो जाती है। इसमें लगातार क्वालिटी इंप्रूवमेंट की भी आवश्यकता होती है। इसीलिए अध्ययनरत विद्यार्थी इस प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हों। बीआइटी मेसरा के निदेशक, आइक्यूएसी एवं डीन, एडमिशन प्रो. सुदीप दास ने शनिवार को उक्त बातें कहीं। वे सरला बिरला विश्वविद्यालय में आइक्यूएसी द्वारा 'एक्रीडिटेशन रिक्वायरमेंट्स इन यूनिवर्सिटी' विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने अध्ययन और अध्यापन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मॉडल पर भी अपनी बात कही। प्रिंसिपल ऑफ पीडीसीए ( प्लान टू चेक आर्ट) पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सतत गुणवत्ता के महत्व की बात की। इस अवसर पर अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने बीआइटी और एसबीयू की अकादमिक गुणवत्ता की बात उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कही। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता को संस्थान के विकास के लिए अत्यंत जरूरी करार दिया। साथ ही शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के उत्साहवर्धन पर जोर दिया। प्रभारी कुलपति डॉ. अरबिंद भंडारी ने एक्रीडिटेशन से जुड़े मानकों की चर्चा करते हुए उद्योग की अपेक्षाओं पर जानकारी दी। उन्होंने अकादमिक रूपरेखाओं पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. नित्या गर्ग के विषय प्रवेश से हुई। स्वागत भाषण डॉ. संदीप कुमार और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. अतुल कर्ण ने दिया। इस दौरान डीन डॉ. नीलिमा पाठक, हरि बाबू शुक्ला, बृज भूषण पांडेय, आनंद विश्वकर्मा समेत विवि के अन्यान्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# भाजयुमो ने बाइक जुलूस निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय हरमू से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा बिरसा चौक तक मोटरसाइकिल यात्रा निकाली और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगामी विधानसभा चुनावों के लिए बिगुल फूंका। मौके पर युवा मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है। कहा कि इस सरकार ने हर जगह सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया है। सब का हिसाब राज्य के युवा लेने का काम करेंगे। मौके पर शशांक राज ने कहा इस बार राज्य में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार बनेगी और राज्य के युवाओं का विकाश करने का भी कार्य भाजपा करने का काम करेगी। मौके में रोमित नारायण सिंह ने कहा कि इस बार भाजपा की सरकार आयेगी। राज्य की युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर मुख्यरूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह विधायक अनूप शाह, विधायक श्रेयशी सिंह, उपाध्यक्ष अर्पिता, कार्यसमिति सदस्य शक्ति सिंह, अरविंद दीवान, विशाल त्रिवेदी, आजतशत्रु, राहुल चौधरी, रूपेश सिन्हा, मनीष दुबे, पवन पासवान, सतीश सिंह, राजीव रंजन, अमिताभ धीरज, प्रिंस कुमार, रजनी आनंद, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, शिवम सिंह, नवीन सिंह, रोहन सिंह चौहान, नवीन ठाकुर, अभिषेक सिंह सहित युवा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ब्लड कैंसर का इलाज संभव: डॉ गुंजेश सिंह

### पारस हॉस्पिटल धुर्वा में ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पारस हॉस्पिटल धुर्वा में 35 वर्षीय ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल इलाज किया गया है। पारस हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश सिंह की देखरेख में मरीज का स्वास्थ्य अभी ठीक है। बंगाल के रहने वाले मरीज की छाती में बहुत बड़ा ट्यूमर था और वह गर्दन तक फैल रहा था। ट्यूर इतना बड़ा था कि उस मरीज को सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। वो मरीज जब पारस हॉस्पिल आया था, तो वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर आया था। इस बीमारी के कारण दोनों फेफड़े में पानी भर गया था। हार्ट के चारों तरफ भी पानी भरा हुआ था। पानी भरने और बड़ा ट्यूमर होने की वजह से मरीज ढंग से सांस नहीं ले पा रहा था। मरीज को दर्द भी अधिक हो रहा था। इसके बाद पारस हॉस्पिटल धुर्वा के डॉक्टरों की टीम ने जांच किया तो पता चला कि इस मरीज को ब्लड कैंसर है। इसके बाद मरीज की कीमोथेरपी शुरू की गयी। कीमोथेरपी के जरिए कैंसर कोशिकाओं को तेजी से नष्ट किया गया। कीमोथेरपी की प्रक्रिया 10 दिनों तक चली। इसके बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया है। मरीज बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के सांस आसानी से ले पा रहा है। मरीज का इलाज करते हुए दो माह हो गये। मरीज हर 15 दिनों के बाद हॉस्पिटल आकर कीमोथेरपी ले रहे हैं। यह प्रक्रिया अभी छह माह तक चलेगी। फिलहाल मरीज बिल्कुल ठीक है। डॉ गुंजेश सिंह ने कहा कि ब्लड कैंसर क्यूरेबल होता है। एडवांस डिजिज के आने के बाद भी इसे क्यूर किया जा सकता है। ब्लड कैंसर का इलाज संभव है और यह आसानी से ठीक हो सकता है। मरीज को बिल्कुल घबराने की जरूरत नहीं है। पारस हॉस्पिटल धुर्वा में कैंसर का इलाज किया जा रहा है। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा मरीज का इलाज केंद्र सरकार के स्वास्थ्य योजना के तहत पारस हॉस्पिटल धुर्वा में किया गया है। सरकारी दर पर मरीज का इलाज किया गया है। पारस हॉस्पिटल में केंद्र सरकार के योजना से जुड़े गरीब तबके लोगों का इलाज किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्टार इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने तीरंदाजी में लहराया परचम




**रांची (आजाद सिपाही)।** स्टार इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ नेशनल चैंपियनशिप में झंडा परचम लहराया है। यह कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल दिल्ली में संपन्न हुआ। इवेंट व 14 गर्ल्स में विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। मेधा तिर्की ने 30 मीटर में गोल्ड 20 मीटर में सिल्वर पदक प्राप्त किया। कोच धनेश्वर बेड़िया के अथक परिश्रम का ही यह परिणाम है। भाग लेने वाले विद्यार्थियों में मेधा तिर्की, नैंसी कुमारी तथा जागृति कुमारी हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार अत्यंत प्रसन्न है। सेक्रेटरी संचित सिंह तथा प्राचार्य नीता जायसवाल ने उन प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दीपावली मेले में उमड़ी भीड़



**रांची (आजाद सिपाही)।** हरमू, रांची स्थित 'बचपन प्ले स्कूल' में दिवाली मेले का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय मेले का शुभारंभ एक्सआइएसएस की प्रोफेसर राजश्री ने फीता काटकर किया। मेले के मुख्य आकर्षणों में ट्रेंडी दीपक, झालर, पारंपरिक आचार - मुरब्बे, धुसका आदि शामिल है। इसके अलावा विभिन्न फूड स्टॉल लगाये गये। मेले का समापन रविवार शाम 5 बजे किया जायेगा। इस बारे में स्कूल की निदेशिका डॉ अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय हुनरों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी करेगा। जिससे सबों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

### मारवाड़ी कॉलेज : प्लेसमेंट ड्राइव में 38 बच्चों का हुआ सेलेक्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** नांदी फाउंडेशन और मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एक दिवसीय जॉब ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 2019 से महिंद्रा प्राइड क्लासरूम द्वारा चलाये जा रहे ऑफलाइन क्लासरूम प्रोग्राम द्वारा प्रशिक्षित्त छात्राओं को अलग-अलग कंपनियों में बैठने का मौका मिला। इन कंपनियों में मुख्यतः टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से एचआर राघवेंद्र यादव, निंबस से हिमांशु और टीम उपलब्ध रहे। इस जॉब ड्राइव को सफल बनाने में नांदी फाउंडेशन से स्टेट लेवल प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर स्पर्धा श्रीवास्तव, स्टेट हेड मृत्युंजय कुमार, मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट असिस्टेंट कॉर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती उपस्थित रहे। इस ड्राइव के लिए 297 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, जिसमें 150 से अधिक छात्राएं मौजूद रहे। इस ड्राइव में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में 31, निंबस में 7 छात्राओं का चयन हुआ। प्राचार्य डॉ मजोज कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए नवंबर या दिसंबर में होने वाली नांदी फाउंडेशन के द्वारा होने वाले जॉब उत्सव के लिए अभी से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा और नये विद्यार्थियो को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मारवाड़ी कॉलेज के ऑफिशियल वेबसाइट के द्वारा करने को कहा।

### लिटिल विंग्स स्कूल में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता




**रांची (आजाद सिपाही)।** बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में रंगोली मेकिंग और दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इंटर हाउस रंगोली मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान पर रोज हाउस और द्वितीय स्थान पर डालिया हाउस रहा। कक्षावार आयोजित दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में भी कक्षा 3 से 10 तक के बच्चों ने अपनी कलात्मकता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए दीयों को सजाया। इसमें सम्मिलित हर कक्षा के बच्चों को कलात्मक के अनुरूप प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। विद्यालय प्रबंधक रमेंद्र कुमार और प्राचार्य नीता सिंह ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप ने खिजरी विधानसभा के लिए भरा पर्चा

# बर्दाश्त नहीं खिजरी से छल, चलो बनायें बेहतर कलः अजय कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप ने शनिवार को खिजरी विधानसभा से चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री कच्छप अपने समर्थकों के संग नामांकन सह आशीर्वाद रैली निकाली। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समर्थक शामिल हुए। इस दौरान अजय कच्छप ने खिजरी विधानसभा के मतदाताओं से वोट करने का आग्रह किया और भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने अपनी मां और पिता के पत्थलगड़ी स्थल पर जाकर उन्हें नमन किया। उसके बाद सीठियो सरना स्थल में पूजा कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद बड़े जुलूस के रूप में बाइक रैली निकाली गयी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कचहरी स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंची। जहां सैकड़ों के संख्या में समर्थक मौजूद थे। इसके बाद अजय कच्छप ने अपना पर्चा रांची समाहरणालय में दाखिल किया। हालांकि शनिवार को अवकाश होने के कारण उनका नामांकन पत्र रख लिया गया है। पर्चा दाखिल करने के बाद अजय कच्छप ने अपने समर्थकों के साथ बाइक रैली की और नामकुम में एक सभा भी की। मौके पर उन्होंने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नामांकन सभा में खिजरी की पावन धरा पर माय, बहन, दीदी, चाची, काका, दोस्त इत्यादि देवतुल्य जनता-जनार्दन का उमड़ा यह विराट जनसैलाब 20 नवंबर को खिजरी के हर बूथ पर भारत आदिवासी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का प्रतिबिंब है। खिजरी की देवतुल्य जनता इस बार बदलाव के मूड में है। अपना बेटा, अपना अजय को विधायक बना कर सदन में भेजने के का काम करें। खिजरी विधानसभा के विकास, समृद्धि और खुशहाली के लिए मत करें। इस बार खिजरी विधानसभा में बदलाव की हवा चल रही है। विकल्प के तौर पर भारत आदिवासी पार्टी की ओर देख रही है। सभी पार्टियों ने खिजरी विधानसभा के जनता को ठेंगा ही दिखाया है। धरातल पर अभी भी कई चीज नहीं उतरी है। विकास की जो लकीर खींचनी चाहिए वह अभी अधूरी है। इस काम को भारत आदिवासी पार्टी करेगी। इस बार खिजरी की जनता निराश नहीं होगी।



**आदिवासी पार्टी खिजरी क्षेत्र का विकास करेगी: प्रेमशाही मुंडा**

**भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासी पार्टी खिजरी क्षेत्र का विकास करेगी। खिजरी विधानसभा में अभी कई समस्याएं हैं इसका निदान नहीं हो पाया है। अजय कच्छप को भारी मतों से विजयी बनाकर उन्हें सेवा करने का मौका दें।**

श्री कच्छप ने कहा कि खिजरी वासियों आपका बेटा, आपका भाई, आपका भतीजा का यह वादा है। आपके आशीर्वाद और अटूट समर्थन का कर्ज, मैं खिजरी विधानसभा को मॉडल विधानसभा बनाकर, आपको हक दिलाने का काम करूंगा। आपके इस साथ के लिए खिजरी का चौमुखी विकास कर सूद समेत पायी पायी कर्ज चुकाऊंगा। नामांकन शह आशीर्वाद रैली में भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य बबिता कच्छप, प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लिंडा, महिला प्रदेश अध्यक्ष कुंदरशी मुंडा, सेलिना लकड़ा महिला उपाध्यक्ष, रोज नीलू कच्छप, बाहा लिंडा, सुमन, संगीता, अमर इत्यादि हजारों लोग मौजूद थे।

# सेवा सदन में जल्द मिलेगी 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा

## कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन ने किया अस्पताल का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के अपर बाजार स्थित नागरमल मोदी सेवा सदन का कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने दौरा किया। श्री अग्रवाल ने सदन के नवस्थापित हृदय विभाग का जायजा लिया। ज्ञातव्य है कि कोल इंडिया के सीएसआर फंड से हृदय विभाग के लिए सहयोग प्राप्त हुआ है।

सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुए कोल इंडिया के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सदन परिवार की ओर से श्री अग्रवाल का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया। वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने वीडियो के माध्यम से सदन व हृदय विभाग की प्रगति को दर्शाया। डॉ. विनय कुमार सिंह ने भी वीडियो के माध्यम से हृदय विभाग की बारीकियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। सदन के पूर्व अध्यक्ष अजय मारू ने बताया कि सदन द्वारा किये गये अच्छे कार्यों में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। जिस तरह कोल इंडिया ने अनुदान दिया, उसी तरह समाज ने भी बढ़ चढ़कर दान दिया। सदन में बहुत ही जल्द 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जायेगी। श्री अग्रवाल ने नागरमल मोदी सेवा सदन की उपलब्धियों की सराहना की। बताया कि सीएसआर एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा समाज एवं स्थानीय लोगों के लिए सदन के माध्यम अच्छी सुविधाएं प्रदान की जा सकती है। भविष्य में भी सहायता करने की कोशिश करेंगे।

मानद सचिव आशीष मोदी ने धन्यवाद देते हुए स्व. नागरमल मोदी का एक पोस्टल स्टाम्प भेंट स्वरूप श्री अग्रवाल को दिया। सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद महेश पोद्दार, गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, अरूण खेमका, ललित केडिया, आलोक तुलस्यान, पवन कनोई, प्रेम मित्तल, राजकुमार गाड़ोदिया, गौतम मोदी और वरूण जालान उपस्थित थे।



# बीजेपी हसदेव, नियमगिरी की तरह पूरा का पूरा देश मित्रों के हाथों बेच देगी : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में अगर हम सचेत नहीं रहे तो बीजेपी हसदेव, नियमगिरी की तरह पूरा का पूरा देश मित्रों के हाथों बेच देगी। मोर्चा ने एक ट्विट कर कहा है कि आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए, जल, जंगल और जमीन की लूट को रोकने के लिए, एक साथ अगर हम खड़े नहीं रहेंगे तो बीजेपी यहां के जल, जंगल और जमीन को बेच देगी। इस ट्विट को सीएम हेमंत सोरेन ने भी रिपोस्ट किया है।

मोर्चा ने आगे लोगों को सचेत करते हुए कहा है कि मणिपुर पर एक शब्द नहीं कहने वाले, कभी आपके हमारे घर तकलीफ में झांकने भी नहीं आयेंगे। जिन्होंने दवाई कंपनियों से खरबों का चंदा ले कर नकली दवाइयां बिकवाई, उनसे हम क्या सहानुभूति की उम्मीद करें।

## आजसू ने तीसरी सूची जारी की यशोदा देवी को डुमरी से टिकट

रांची (आजाद सिपाही)। **झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए आजसू ने तीसरी सूची जारी की है। इसमें डुमरी विधानसभा क्षेत्र से यशोदा देवी को टिकट दिया है। यह जानकारी केंद्रीय सचिव राजेंद्र मेहता ने दी।**

## पटाखा छोड़ते समय विशेष सावधानी बरतें : डॉ अनंत सिन्हा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन और देवकमल अस्पताल व देवनिका अस्पताल के संचालक/व्यवस्थापक डॉ. अनंत सिन्हा ने समस्त राज्यवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में दीपावली पर्व के अवसर पर झारखंडवासियों के लिए शांति और सुख, समृद्धि की कामना करते हुए पटाखा छोड़ते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। डॉ.सिन्हा ने कहा है कि दीपावली के अवसर पर लोग पटाखा छोड़ते समय लापरवाही बरतते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अनार, फुलझड़ी, चकरी, रॉकेट ,आलूबम आदि पटाखे फोड़ते समय विशेष ध्यान रखें। पटाखा छोड़ने वाले स्थान के पास एक बाल्टी पानी अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर 90 फिसदी दुर्घटनाएं अनार की वजह से होती है, क्योंकि अधिकतर लोग अनार (पटाखा) हाथ में ही लेकर फोड़ते हैं। यदि पटाखा छोड़ते वक्त असावधानी से हाथ या शरीर का अन्य अंग जल जाय तो प्रभावित भाग को पानी में लगभग दस मिनट तक डुबोये रखें। तत्पश्चात अविलंब विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लें। चिकित्सक के परामर्श के बिना जले हुए भाग पर किसी तरह का मरहम या लेप आदि न लगाएं। उन्होंने बताया कि देवकमल अस्पताल, बजरा (इटकी रोड), रांची व देवनिका अस्पताल, तुपुदाना (हटिया) में विशेष सुविधायुक्त अत्याधुनिक बर्न यूनिट में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं।

# मीरा मुंडा ने रंकिनी मंदिर में पूजा कर प्रचार शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** शनिवार को पोटका विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा मुंडा ने पोटका विधानसभा के जादूगोड़ा में स्थित रंकिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मीरा मुंडा ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सोहदा पंचायत, कलिकापुर पंचायत और मानपुर पंचायत समेत कई जगहों पर जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यहां पर सिर्फ शिलान्यास करने का काम किया गया, कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतरी है और यही कारण है कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। पोटका की जनता अब कमीशनखोरी से मुक्ति चाहती है, पोटका की जनता विकास में बाधक बनने वाले लोगों से मुक्ति चाहती है। मीरा मुंडा ने कहा कि 23 नवंबर में पोटका के कमल खिलने के साथ-साथ पूरे राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की युवतियों व महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिये जायेंगे और भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है।



# भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। शनिवार सुबह भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने एग्रिको, भुइयांडीह व अमल संघ पार्क का दौरा किया। वहीं टहल रहे वॉकर्स से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह अचानक प्रत्याशी को अपने बीच पाकर लोग प्रसन्न दिखे। उधर भुइयांडीह पार्क समिति के सदस्य भोला यादव, सुरेश प्रजापति, किशुन तिवारी और सत्येंद्र सिंह व अन्य लोगों ने पूर्णिमा साहू का गर्मजोशी से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की। पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर महानगर के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुंजन यादव के संग रघुनाथ पांडे व अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्णिमा साहू सिदगोड़ा क्षेत्र के कांवरिया धाम मंदिर में पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर पुजारी व आसपास की महिलाओं का आशीर्वाद लिया। सिदगोड़ा में दुकानदारों, ठेला-खोमचा वालों से संवाद स्थापित कर उनका हाल जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के छोटे-बड़े व्यापारियों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अपने अभियान के दौरान पूर्णिमा साहू ने 6 नंबर हरिजन बस्ती, मांछ पाड़ा, सीतारामडेरा मुंडा समाज, उरांव समाज, तुरी समाज, और बर्मा माइंस आश्रम जाकर लोगों से मुलाकात की और सभी से भाजपा के समर्थन में मतदान का अनुरोध किया।



## मैकलुस्कीगंज चेकपोस्ट से 2.90 लाख कैश पकड़ाया

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के सीमा पर बने चेकपोस्ट से पुलिस और एफएसटी की टीम ने दो लाख नब्बे हजार कैश पकड़ा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि बधमरी पिकेट के समीप बने चेकपोस्ट पर मजिस्ट्रेट पूषा मुंडा तैनात थे और वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप गाड़ी को चेक किया गया जिसमें पुलिस को कैश मिला है।

# आदेश का पालन करें अन्यथा 22 नवंबर को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव कोर्ट में हों हाजिरः हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद जिला में पदस्थापित शिक्षकों को ग्रेड 7 में प्रोन्नति नहीं दिये जाने को लेकर दाखिल नंदकिशोर सिंह एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया। कहा कि अगर प्रार्थियों को प्रोमोशन देने के आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो अगली सुनवाई 22 नवंबर को सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह के एक मामले में रांची और लोहरदगा जिला के शिक्षकों को भूतलक्षी प्रभाव से ग्रेड 7 में प्रमोशन दे दिया गया है लेकिन धनबाद जिला में शिक्षकों को ग्रेड 7 में प्रमोशन नहीं दिया गया। बता दें प्रार्थी मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर नगरपालिका, धनबाद में शिक्षक के पद पर कार्य हैं। पूर्व में कोर्ट ने प्रार्थियों की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके प्रमोशन मामले को कंसीडर करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। इसके बाद प्रार्थियों को केवल ग्रेड 4 में प्रमोशन दिया गया। उन्हें ग्रेड 7 का प्रमोशन नहीं दिया गया। जिसे लेकर प्रार्थियों ने हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।



## मुख्यमंत्री रहते रघुवर दास नहीं दिला सके मालिकाना हकः अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की जनता यह जानना चाहती है कि रघुवर दास ने मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रहते क्या प्रयास किये, डॉ अजय कुमार ने कहा कि रघुवर दास 25 वर्षों तक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रहे। जनता के समर्थन से मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले रघुवर दास ने सिर्फ अपने सत्ता सुख के लिए लोगों को 25 वर्षों तक मालिकाना के नाम पर गुमराह करते रहे। उन्होंने कहा कि रघुवर दास की सरकार में जमशेदपुर में लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा गया। चुनाव से पहले जनता से मालिकाना हक दिलाने का वादा किया गया था। लेकिन रघुवर दास मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही वे वादा भूल गये। टाटा सबलीज की बात करने लगे। जब सबलीज देना ही था तो फिर इन बस्तियों को लीज से बाहर क्यों करवाये, उन्होंने बताया कि रघुवर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने के बदले में केवल 10 डिसमिल जमीन पर लीज का अधिकार देने का निर्णय ही मालिकाना हक के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी। डॉ अजय ने कहा कि मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है। यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जायेगा।



## पलामू की रहनेवाली छात्रा ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

नामकुम (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी मोहल्ले (नामकुम स्टेशन के सामने) में रहने वाली बीएससी की छात्रा दामिनी सिंह उम्र 21 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कामिनी मूल रूप से पलामू के रहने वाले अमरेंद्र नाथ सिंह की बेटी थी। वह अनगड़ा स्थित ऊषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी और पंजाबी मोहल्ले में सरोज तिवारी के मकान में किराये पर रहती थी। शनिवार की शाम उसने कमरे में फांसी लगा ली। वहां रह रहे लोगों को जानकारी मिलने पर नामकुम पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रिम्स पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गयी। देर रात परिजन नामकुम थाना पहुंचे। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खुशहाली, समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक है धनतेरस

## धनतेरस का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर को दिन के 11 बजे से शुरू होकर 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि इस वर्ष धनतेरस मंगलवार 29 अक्टूबर को मनाया जायेगा। धनतेरस का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर को दिन के 11 बजे से शुरू होकर 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। धनतेरस के देवता धनवंतरी हैं तथा धनवंतरी भगवान विष्णु के तेरहवें अवतार हैं। धनतेरस के त्योहार का मुख्य संबंध यमराज की आराधना से है। आयुर्वेद के प्रवर्तक धनवंतरी की जयंती भी इसी दिन होती है। एक ओर वैद्य समाज धनवंतरी की पूजन कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है तो गृहस्थ दीप जलाकर यमराज से अकाल मृत्यु टालने की प्रार्थना करते हैं। दीपावली भले ही एक दिन मनायी जाती है, लेकिन यह पर्व 5 दोनों का होता है। यानी धनतेरस से यम द्वितीया तक, शास्त्रों में इन पांच दिनों को यम पंचक कहा जाता है।



**धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है :** इन पांच दिनों में यमराज, वैद्यराज धनवंतरी, लक्ष्मी-गणेश, हनुमान जी, मां काली और भगवान चित्रगुप्त की पूजा का विशेष विधान है। धनतेरस का त्योहार दीपावली से दो दिन पहले मनाया जाता है। यह त्योहार खुशहाली समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है, धनतेरस का नाम धन और तेरस से बना है जिसमें धन का मतलब संपत्ति और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर की 13वीं तिथि है। इस दिन भगवान धनवंतरी की पूजा के साथ ही यह दिन कुबेर और लक्ष्मी माता की पूजा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार समुद्र-मंथन से जो चौदह रत्न प्रकट हुए उनमें आरोग्य के देवता धनवंतरी के अलावा धन-समृद्धि की देवी लक्ष्मी प्रमुख हैं।

**एक दीपक आंगन में रखा जाता है :** पांच दिवसीय ज्योति पर्व का प्रथम दिन धनत्रयोदशी या धनतेरस भी दीपावली की तरह समृद्धि की कामना को समर्पित रहता है। इसी दिन से लक्ष्मीजी का आवाह्न शुरू हो जाता है और शाम को 5 (कुछ लोग तेरस होने के कारण 13 दीये जलाते हैं) नये मिट्टी के दीपकों में तेल भर कर उन्हें प्रकाशित कर खील से पूजा जाता है। फिर एक दीपक आंगन में, एक रसोई में, एक तिजोरी के पास, एक तुलसी में और एक मुख्य द्वार पर रखा जाता है। बहुत लोग धनतेरस को ही लक्ष्मीजी की पूजा कर लेते हैं। धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन, गहने या अन्य कीमती सामान खरीदने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन जो भी चीज खरीदी जाती है, उस घर में समृद्धि और धन का आगमन करती है, लोग इस दिन नये वाहन संपत्ति या अन्य महत्वपूर्ण चीजों की भी खरीदारी करते हैं। इसके साथ ही आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक्स और नये उपकरण धनतेरस पर खरीदना शुभ माना जाता है।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 46029, दिनांक 26.10.2024 में, सज्जाद अंसारी पिता- इसराफील अंसारी, ग्राम- गराडीह पो0 गजनी थाना- कैरो जिला- लोहरदगा, झारखण्ड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूँ -

1. यह कि ऊपर लिखा गया नाम तो पता मेरा है जो सही है। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं0 2970 3632 1323 में मेरा नाम SADAM ANSARI दर्ज है।
3. यह कि मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम SAJJAD ANSARI दर्ज है।
4. यह कि उपरोक्त उपरोक्त आधार कार्ड में सुधार करते हुए शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार SAJJAD ANSARI दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूं।
5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है। यह शपथ पत्र आज दिनांक 26.10.2024 ई0 को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया।

# उत्तर प्रदेश : कांग्रेस का घटता कद

अगर लोकसभा चुनाव में बहुमत न हासिल कर पाने की वजह से एनडीए के अंदर बीजेपी नेतृत्व की पकड़ कुछ कमजोर हुई तो हरियाणा की हार आइएनडीआइए खेमे में कांग्रेस की साख पर भारी पड़ती दिख रही है। हरियाणा के चुनावी नतीजे आने के बाद न सिर्फ विपक्षी नेताओं की बयानबाजी के अंदाज बदल गये हैं, बल्कि सीट बंटवारे में कांग्रेस की सौदेबाजी करने की क्षमता भी खत्म हो गयी लगती है। इसका पहला बड़ा प्रभाव उत्तर प्रदेश में दिखा, जहां नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने एकतरफा ढंग से उम्मीदवार घोषित करने शुरू किये। कांग्रेस ने पहले परदे के पीछे बातचीत कर मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। आखिरकार उसने त्याग की मुद्रा अख्तियार करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस लड़ाई में व्यापक हितों को देखते हुए वह अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी और सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी को जिताने का प्रयास करेगी। महाराष्ट्र विकास आघाड़ी के तीनों प्रमुख दलों में कांग्रेस खुद को सबसे बड़ी बता रही थी। इसका ठोस आधार भी था। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने राज्य में विपक्षी दलों में सबसे ज्यादा 13 सीटें जीती थीं। स्वाभाविक ही वह बाकी दोनों दलों के मुकाबसे ज्यादा सीटें मांग रही थी। शुरुआती खबरों में ऐसे संकेत भी मिले कि उसकी मांग को स्वीकार कर लिया जायेगा, लेकिन आखिरी दौर में शरद पवार की अगुआई में हुई बैठक में जो फॉर्म्युला मंजूर हुआ, उसके मुताबिक तीनों पार्टियों - कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद)- ने 85-85 सीटों पर लड़ना तय किया। निश्चित रूप से यह कथित बराबरी कांग्रेस के खिलाफ है, लेकिन वह इसे मानने को मजबूर दिख रही है। सवाल यह है कि कांग्रेस का यह घटा हुआ कद आइएनडीआइए ब्लॉक के क्षेत्रीय दलों के लिए तात्कालिक तौर पर फायदेमंद भले हो, क्या यह दीर्घकालिक तौर पर गठबंधन के लिए लाभकारी होगा? ध्यान रहे, लोकसभा चुनावों में अगर विपक्ष बेहतर प्रदर्शन कर सका, तो उसके पीछे दो दौर की भारत जोड़ो यात्रा के कारण विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के बढ़े हुए कद का भी कम योगदान नहीं था। भले ही मौजूदा दौर गठबंधन का हो, उसके केंद्र में एक बड़े व्यक्तित्व की मौजूदगी जरूरी होती है, जो गठबंधन को न सिर्फ जोड़े रखता है, बल्कि उसे मजबूती भी देता है। ऐसे में अगर विपक्षी गठबंधन को सार्थक विकल्प के रूप में बने रहना है तो कांग्रेस को इस कमजोरी से उबरना पड़ेगा। लेकिन यह तब तक नहीं होगा, जब तक कि वह बीजेपी से सीधे मुकाबले में हार जाने वाली अपनी छवि को निर्णायक तौर पर नहीं बदलती।

**उत्तर प्रदेश में, जहां नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने एकतरफा ढंग से उम्मीदवार घोषित करने शुरू किये। कांग्रेस ने पहले परदे के पीछे बातचीत कर मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महाराजा ने जम्मू में मध्य रात्रि को अपनी नींद में खलल पड़ने पर भी इस समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिसे अगले दिन विशेष दूत द्वारा लार्ड माउंटबेटन को सौंप दिया गया। उन्होंने महाराजा का धन्यवाद करते हुए पत्र लिखा कि शीघ्र ही भारत इस क्षेत्र से हमलावरों का सफाया कर शांति स्थापित करने में सफल होगा। हालांकि करार में साफ लिखा है कि यह विलय अंतिम है और वे रियासत की अवाम की तरफ से इसे अंजाम दे रहे हैं, लेकिन अंग्रेज तो भारत को टूटते हुए देखने का सपना पाले हुए थे, तो लाट साहब ने पत्र में नागरिकों की सहमति की बात भी कर दी।**

# जम्मू-कश्मीर के लिए यादगार विलय दिवस

**पूरन चंद सरीन**

स्वतंत्रता दिवस के बाद सबसे उल्लेखनीय राजनीतिक फैसला 26 अक्तूबर 1947 को यह हुआ कि महाराजा हरी सिंह ने जम्मू-कश्मीर रियासत की बागडोर स्वतंत्र भारत के हाथों सौंप कर स्वयं को गौरवान्वित किया था, तब से यह दिन समारोहपूर्वक मनाया जाने लगा और भारतीय एकता का प्रतीक बन गया। विलय की बात से पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को बिलबिलाना ही था और उन्होंने इसे धोखाधड़ी कहते हुए हमेशा के लिए भारत से शत्रुता की ऐसी नींव डाली कि आज तक 2 पड़ोसी दुश्मनी निभा रहे हैं। उनमें कभी-कभार दिखावटी दोस्ती दिखायी देती है, जिसका जल्दी ही पर्दाफाश हो जाता है।

**अंग्रेजों का पाकिस्तान से याराना :** महाराजा ने जम्मू में मध्य रात्रि को अपनी नींद में खलल पड़ने पर भी इस समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिसे अगले दिन विशेष दूत द्वारा लार्ड माउंटबेटन को सौंप दिया गया। उन्होंने महाराजा का धन्यवाद करते हुए पत्र लिखा कि शीघ्र ही भारत इस क्षेत्र से हमलावरों का सफाया कर शांति स्थापित करने में सफल होगा। हालांकि करार में साफ लिखा है कि यह विलय अंतिम है और वे रियासत की अवाम की तरफ से इसे अंजाम दे रहे हैं, लेकिन अंग्रेज तो भारत को टूटते हुए देखने का सपना पाले हुए थे, तो लाट साहब ने पत्र में नागरिकों की सहमति की बात भी कर दी।

**धार्मिक संघर्ष और तनाव के स्थान पर भाईचारे की वही बयार बहने का प्रबंध करना होगा, जो कभी इस क्षेत्र की पहचान थी।**

अंग्रेजों और उनके सहयोगी अमेरिकियों के गुट की मक्कारी इससे बढ़ कर क्या होगी कि वे अगले कुछ साल तक इस विलय को इनवैलिड यानी गैर-कानूनी ही मानते रहे। पाकिस्तान इस बात की दुहाई देता रहा कि महाराजा तो यह कर ही नहीं सकते, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के साथ स्टैंड स्टिल यानी जैसा है, वैसा ही रहेगा का एग्रीमेंट किया हुआ है। महाराजा ने जिन्ना के दबाव में न आने का निर्णय किया और यह राज्य भारत का अभिन्न अंग बन गया।

पाकिस्तान को अपना मनचाहा मकसद तब पूरा होने की उम्मीद हो गई जब इस मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाया गया और वहां रैफरेंडम यानी अपनी मर्जी बताने के बाद शामिल होने की बात पर मोहर लगाने की कोशिश हुई, जिसका खामियाजा हम अब तक भुगत रहे हैं। पाकिस्तान ने दूसरा काम यह किया कि वह अपने यहां के खूंखार लोगों को राज्य में भेज कर आतंकवादियों की खेप तैयार करने लगा, जो भारत में रह कर और सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुख-सुविधाओं का लाभ तो लें, लेकिन दिल में पाकिस्तान का जाप करते रहें।

**देशद्रोह का समर्थन :** दुर्भाग्य इस बात का रहा है कि हमारे ही कुछ दलों के नेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए मुट्ठी भर आतंकी कश्मीरियों के पाकिस्तान प्रेम को भुनाने लगते हैं। इतने वर्षों में यह स्थिति तो स्पष्ट हो गयी है कि स्थानीय लोगों की समझ में आने लगा है कि उनका फायदा किस बात में है। वे भारतीय संघ और संविधान तथा विधान को मानते हुए वहां बसे रहना चाहते हैं और अपने को खुशहाल देखने के लिए शांति चाहते हैं।

हालांकि आज धारा 370 नहीं रही और वहां पहले की तुलना में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव भी हो चुके हैं, लेकिन फिर भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो पाकिस्तान को अपना वतन मानते हैं। इसका कारण यह है कि राज्य की सत्ता किसी के भी हाथ में रही हो, गद्दी पर किसी तरह कब्जा हासिल कर लेने वाले नेता स्वयं को पाकिस्तान के हाथ की कठपुतली बनने से रोक नहीं पाते। यही कारण है कि जम्मू हो या कश्मीर अथवा चीन से लगा लद्दाख हो, आतंकवाद की छाया खत्म नहीं हो पाती। आतंकी सरगना बुरहान वानी की बरसी हो या कोई और अवसर, उनकी घोषित शत्रु भारत की सेना उनके निशाने पर रहती है। दूसरा नंबर उन नेताओं का होता है, जो उनका समर्थन नहीं करते और उनकी हत्या हो जाती है।

**समाधान की पहल करनी होगी :** जम्मू-कश्मीर की नव-निर्वाचित सरकार से अपेक्षा की जा सकती है कि वह पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेगी और इस सीमावर्ती राज्य तथा दुनिया भर में सबसे अधिक खूबसूरती समेटे प्रदेश को देश का गौरव बनाने का काम करेगी। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मुस्लिम बहुल प्रदेश में हिंदू तथा अन्य धर्मों के अल्पसंख्यक लोग जो यहां पीढ़ियों से रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा का कवच तैयार है।

धार्मिक संघर्ष और तनाव के स्थान पर भाईचारे की वही बयार बहने का प्रबंध करना होगा, जो कभी इस क्षेत्र की पहचान थी। जिन परिवारों ने जीवन भर हिंसा का नंगा नाच देखा है, उन्हें आश्वस्त करना होगा कि वे सुरक्षित हैं। यह काम गुजरात में हुआ है। वहां दंगा पीड़ित मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जब सरकार को अपना भली-भांति पोषण करते हुए पाया तो वे दंगों को भूल गए और आगे बढ़ने में कामयाब हुए। यही नीति जम्मू-कश्मीर में अपनानी होगी, ताकि यहां के हिंदू निवासी भूले सी भी यह याद न करें कि वे कभी हिंसा का शिकार हुए थे।

बुजुर्ग पीढ़ी का स्थान युवा पीढ़ी ले रही है, चाहे राजनीति हो या व्यवसाय, उसे पाकिस्तान के बहकावे में आने से रोकना संभव है। इसके लिए ऐसे उपाय हों कि आत्मविश्वास और भरोसे के तंत्र और मंत्र उसके सपनों की उड़ान में कोई बाधा नहीं आने देंगे।



**जम्मू-कश्मीर की नव-निर्वाचित सरकार से अपेक्षा की जा सकती है कि वह पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेगी और इस सीमावर्ती राज्य तथा दुनिया भर में सबसे अधिक खूबसूरती समेटे प्रदेश को देश का गौरव बनाने का काम करेगी। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मुस्लिम बहुल प्रदेश में हिंदू तथा अन्य धर्मों के अल्पसंख्यक लोग जो यहां पीढ़ियों से रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा का कवच तैयार है।**

## देश-विदेश की खबरें

# मोदी कल करेंगे गुजरात में टाटा एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स का उद्घाटन

### सी-295 सैन्य विमान का निर्माण होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात का दौरा करेंगे, जहां वह अपने स्पेन के समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर टाटा एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स का उद्घाटन करेंगे। यह कांप्लेक्स सी-295 विमान के निर्माण के लिए बनाया गया है। इस कांप्लेक्स को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएसीएल) के परिसर में बनाया गया है।



**40 विमानों का भारत में होगा निर्माण :** सी-295 परियोजना के तहत 56 विमानों का निर्माण किया जायेगा, जिसमें से 16 विमान एयरबस के जरिये सीधे स्पेन से प्रदान किये जाएंगे, जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जायेगा। टीएसीएल इन 40 विमानों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए पहली निजी क्षेत्र की फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इस प्रक्रिया में विमान के निर्माण से लेकर असेंबली, परीक्षण और उसे सक्षम बनाने से लेकर डिलीवरी और रखरखाव तक के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का विकास शामिल होगा।

**परियोजना में योगदान देंगी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां :** टाटा के अलावा इस परियोजना में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीइएल) और भारत डायनामिक्स लिमिटेड जैसी प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां भी योगदान देंगी। साथ ही इसमें निजी एमएसएमइ भी शामिल होंगे। अक्तूबर 2022 में प्रधानमंत्री ने वड़ोदरा में फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) की आधारशिला रखी थी। प्रधानमंत्री वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस का दौरा करेंगे। इसके बाद वे अमरेली जाएंगे, जहां वे भारत माता सरोवर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लागत 48 सौ करोड़ रुपये से अधिक है। ये परियोजनाएं अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभान्वित करेंगी। प्रधानमंत्री विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे, जिनकी लागत 28 सौ करोड़ रुपये से अधिक होगी। उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में एनएच 151, एनएच 151ए और एनएच 51 के विभिन्न खंडों का चार-लेन बनाना और जूनागढ़ बाइपास शामिल हैं। जामनगर जिले के ध्रोल बाइपास से मोरबी जिले के अमरान तक चार-लेन बनाने की परियोजना का भी पीएम शिलान्यास करेंगे।

## भाजपा ने प्रियंका गांधी पर लगाया बड़ा आरोप

# चुनावी शपथ पत्र में अपनी और पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति छिपायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी शपथपत्र में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का पूरा खुलासा नहीं किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रियंका गांधी ने अपनी और अपने पति की संपत्ति को छिपाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी के लिए जरूरी है। गांधी परिवार कानून से ऊपर नहीं है। अगर कोई हलफनामे में गलत जानकारी देता है, तो उसे चुनाव लड़ने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कक प्रियंका गांधी के हलफनामे में कुछ ट्रस्टों के माध्यम से एसोसिएटेड जर्नल्स में शेयरों के उनके स्वामित्व का कोई जिक्र नहीं है। यह जानकारी का खुलासा न करने के समान है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि हलफनामे में रॉबर्ट वाड्रा की तीन कंपनियों का जिक्र किया गया है। दो अन्य कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी। उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर यह आरोप लगाया।

# उड़ानों के बाद अब होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

### गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के दो होटल को मेल मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हैदराबाद।** गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले मेल भेजे गये। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। साइबर सेल इ-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में दो होटलों, राज पार्क होटल और पाइ वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है। जानकारी के मुताबिक, तिरुपति के होटलों को भेजे गये मेल में लिखा था- आइइडी बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरु फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के डीजीपी, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और आइएसअइ का जिक्र था।

## राहुल गांधी सैलून पहुंचे, फिर लिखा

# 'कुछ नहीं बचता है', ये शब्द आज देश के हर गरीब-मिडिल क्लास की कहानी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे दिल्ली के एक सैलून पर पहुंचे। वे यहां शेविंग करवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ राहुल ने लिखा- 'कुछ नहीं बचता है' आज के भारत के हर मेहनतकश गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति की कहानी बयां करते हैं। यह सैलून अजीत चलाते हैं। उन्होंने राहुल को बताया कि कैसे वे दिन भर काम करते हैं, ताकि दिन के आखिर में कुछ पैसे बचा सकें। अजीत ने यह भी कहा कि राहुल से अपनी कहानी बताने के बाद उन्हें खुशी और संतुष्टि महसूस हुई। वीडियो में अजीत राहुल से कह रहे हैं, पहले सोचा था आगे भविष्य हमारा अच्छा होगा, लेकिन यहीं के यहीं रह गये। हम क्या करें, हम दिव्यांग हैं। जिंदगी ऐसे ही कट रही है। बच्चों का भविष्य अधर में है। आपके राज में हम बहुत खुश थे। कांग्रेस के राज में सुकून था। हम जैसे गरीबों को सहारा देने वाला कोई तो है। मुझे राहुल जी से मिल कर बहुत सुकून मिला।

वहीं राहुल ने लिखा, नाई से लेकर मोची, कुम्हार से लेकर बढ़ई, घटती आमदनी और बढ़ती महंगाई ने हाथ से काम करने वालों से अपनी दुकान, अपना मकान और स्वाभिमान तक के अरमान छीन लिये हैं। आज की जरूरत है ऐसे आधुनिक उपाय और नयी योजनाएं, जो आमदनी में बढ़त और घरों में बचत वापस लायें। और एक ऐसा समाज जहां हुनर को हक मिले और मेहनत का हर कदम आपको तरक्की की सीढ़ियां चढ़ाये।

## योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान को आरएसएस का समर्थन

# अगड़ा और पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे : होसबोले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का समर्थन किया है। मथुरा में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हिंदू समाज में एकता नहीं रहेगी, तो आजकल की भाषा में 'बंटेंगे तो कटेंगे' हो सकता है। उन्होंने कहा, समाज में अगड़ा-पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे, तो हम कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। वह सबको सुख प्रदान करेगी। हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। आगाह करना जरूरी है। क्या संघ और भाजपा में खींचतान चल रही, इस सवाल पर



होसबोले ने कहा, हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी किसी के साथ खींचतान नहीं। हम भाजपा, कांग्रेस, उद्योगपति सभी लोगों से मिलते हैं। हम चाहते हैं कि समाज में नफरत न हो। उन्होंने कहा कि कई जगहों से धर्मांतरण के मामले आ रहे हैं। दुर्गा पूजा और गणेश विसर्जन के समय हमले भी हुए हैं। हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित होकर रहे।

**योगी के बयान का पीएम ने भी समर्थन किया था :** सीएम योगी ने पहली बार इसी साल 27 अगस्त को आगरा में कहा था कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र के ठाणे और वाशिम में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास के बाद हुई जनसभा में कहा था कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जायेंगे। हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजायेंगे।

# पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला के बिचौलिये की 163 करोड़ की संपत्ति अटैच

### प्रसन्ना रॉय और पत्नी के पास पांच रिसॉर्ट-होटल, 120 लैंड पार्सल और 29 फ्लैट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी), कोलकाता जोनल कार्यालय ने पश्चिम बंगाल राज्य सरकार में डब्ल्यूबीसीएसएससी के अधिकारियों द्वारा ग्रुप सी और डी स्टाफ भर्ती घोटाले में 163.20 करोड़ रुपये के होटल/रिसॉर्ट और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। ये संपत्तियां मुख्य बिचौलिये प्रसन्न कुमार रॉय और उनकी पत्नी काजल सोनी रॉय के नाम पर बतायी गयी हैं। इसमें मेसर्स श्री दुर्गा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। यह कंपनी भी प्रसन्न कुमार रॉय द्वारा नियंत्रित और संचालित है। कुर्क की गयी संपत्तियों में पांच होटल/रिसॉर्ट शामिल हैं। इनके अलावा 120 लैंड पार्सल और 29 फ्लैट भी बताये जाते हैं। इडी ने इस मामले में अभी तक कुल 544.8 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। जांच एजेंसी के मुताबिक, कुर्क किये गये होटल/रिसॉर्ट में हावड़ा के श्यामपुर में स्थित चलंकिता रिसॉर्ट, सुंदरबन में स्थित रॉयल बंगाल रिसॉर्ट, दीघा में स्थित होटल मिली (रुबीना), जलपाइगुड़ी में स्थित होटल मूर्ति और अलीपुरद्वार में स्थित बांस विलेज रिसॉर्ट शामिल हैं। मेसर्स श्री दुर्गा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 120 भूमि पार्सल, प्रसन्ना कुमार रॉय के नाम पर 64 भूमि पार्सल और 12 फ्लैट/कार्यालय/दुकानें हैं। 34 भूमि पार्सल और 17 फ्लैट/कार्यालय/दुकानें, काजल सोनी रॉय के नाम पर हैं। इडी द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार में सी और डी के पदों पर अयोग्य लोगों को नियुक्ति देने के मामले की जांच की जा रही है। कथित अवैध नियुक्ति के मामले में भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सीबीआइ द्वारा दो एफआइआर दर्ज की गयी थी। इसी आधार पर इडी ने मामले की जांच प्रारंभ की थी।

# विभिन्न प्रखंडों के 300 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मिथिलेश ठाकुर।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के 300 से अधिक महिला पुरूष और युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शनिवार को गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पहुंचकर उन्हें अपना समर्थन देते झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया।

इस दौरान गढ़वा प्रखंड के फरठिया, टंडवा, रंका प्रखंड के ग्राम बरदरी, हाड़ी घाट, मेराल प्रखंड के तेनार, घुटघुरी टोला, छपरवार आदि गांवों के लोग झामुमो में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से सुनीता देवी, रूदा देवी, पार्वती देवी, शांति देवी, अंजली कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी, प्रेमचंद राम, गीता देवी, अमिता देवी, तिलकधारी उरांव, सुदामा माझी, कन्हाई माझी, रविंद्र प्रजापति, नारायण उरांव, शिवलाल उरांव, ललू माझी, उपेंद्र प्रजापति, मुन्ना राम, दीनानाथ राम, बालेश्वर राम, विकास, रोहित, आशीष, अजीत, पंकज सहित 300 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# मंत्री के कुशासन से त्राहिमाम कर रही है क्षेत्र की जनता : सत्येंद्रनाथ तिवारी

दूसरे दलों को छोड़ विभिन्न जगहों के चार सौ से अधिक लोगों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा शहरी क्षेत्र, ग्रामीण इलाका और रंका प्रखंड के विभिन्न गांवों के चार सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी सहित अन्य नेताओं ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भारी बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बन रही है। जनता झामुमो की हेमंत सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। झारखंड में हेमंत और गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कुशासन से जनता त्राहिमाम कर रही है। क्षेत्र की जनता मंत्री के आतंक के खात्मा के लिए एकजुट होकर वोटिंग का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री के कार्यकाल के दौरान रंका, रमकंडा, मेराल और गढ़वा प्रखंड के कई जगहों पर खुलेआम गरीबों का जमीन लूटा गया। हेमंत सरकार ने युवाओं को प्रत्येक साल पांच लाख नौकरी, पढ़े-लिखे बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को प्रत्येक माह दो हजार रुपये चूल्हा खर्च सहित एक भी वायदे को पूरा नही किया। गढ़वा के युवा बेरोजगारी के दंश झेलने को विवश है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने राज्य के विकास को लेकर अभी से खाका तैयार कर लिया है। सरकार बनने के साथ ही पहली कैबिनेट में राज्य में खाली पड़े पदों को भरने के अलावा युवाओं के पक्ष में काम करने की दिशा में तेजी लाई जाएगी। महिलाओं के खाता में प्रत्येक माह के 11 तारीख को 21 सौ रुपये देकर आर्थिक रूप से मजबूत करने, पीएम आवास योजना के तहत सभी गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के अलावा स्थानीय लोगों के लिए बालू फ्री कर बालू की किल्लत को समाप्त किया जायेगा। मुख्य रूप से पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में पंकज कुमार, सुधांशू कुमार, क्रिश केशरी, सूरज पटेल, प्रिंस कुमार, नीरज चौहान, राजन कुमार, सृजन केशरी, आलोक सोनी, हनी सोनी, शिवम कश्यप, सत्यम, विद्यार्थी, प्रिंस, कुंदन सहित चार सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# भाजपा में ही रहेंगे लेकिन जिला उपाध्यक्ष पद पर नहीं रहेंगे: राजीव राज तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी ने कहा है कि वे जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए हैं न कि भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से। उन्होंने कहा कि वे भाजपा में बने रहेंगे लेकिन जिला उपाध्यक्ष के पद पर वह कार्यरत नहीं रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेजें अपने पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह गढ़वा जिला भाजपा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है न कि उन्होंने भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से। वे भाजपा में हैं लेकिन वह जिला उपाध्यक्ष के पद पर नहीं रहेंगे। बताते चलें कि सत्येंद्र नाथ तिवारी को भाजपा का प्रत्याशी बनाये जाने के बाद राजीव राज तिवारी ने विरोध प्रकट करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

## बसपा छोड़कर सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड के फायरब्रांड नेता सह भवनाथपुर विस क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही के कार्य से प्रभावित होकर शनिवार को बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने वालों में बसपा नेता महफूज आलम, बीडीसी शकील अहमद, छोटू खान, डॉ. जहीर अहमद, उपेंद्र यादव, बद्रीनारायण यादव, मुजाहिद अंसारी, खुशमुहमद अंसारी, असरफ हुसैन, सगीर अंसारी, मुजाहिद अंसारी, ओहाब सहित सैकड़ों लोग भाजपा मे शामिल हुए। उक्त सभी को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने आवास पर पार्टी का अंगवस्त्र पहनकर पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल लोगों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भवनाथपुर में रोजगार स्थापित करने और क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए भानु प्रताप शाही को एक बार फिर से विधायक बनाने के लिए विस क्षेत्र की जनता कमर कस चुकी है। इस मौके पर मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, दयानंद भगत, दयानंद सोनी, मनोज पहाड़िया, सुनील यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 103 वर्ष की बुजुर्ग महिला की हुई मृत्यु

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी जयराम पासवान की मां लईची कुंवर 103 वर्ष की मृत्यु अस्पताल जाने की क्रम में गढ़वा में हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व मृतक को लकवा मार दिया था। जिसका इलाज करवाया गया, परंतु बुजुर्ग होने के वजह से स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो पाया। अंततः अस्पताल में जाने से पहले ही मृत्यु हो गया।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के जरही अयोध्या बांध चौपाल के प्रांगण में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर भव्य दुगोला कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष रमेश चौधरी ने बताया की लक्ष्मी पूजा के अवसर पर 30 अक्टूबर को जरही अयोध्या बांध चौपाल के प्रांगण में रात्रि 8:00 बजे से भव्य दुगोला का शानदार मुकाबला विकास तूफान औरंगाबाद बिहार और लव बिहारी गाया बिहार के बीच होगा।

## पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल



रंका (आजाद सिपाही)। रंका पुलिस ने शनिवार को रंका थाना कांड संख्या 181/24 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त मो० शाहरूक अंसारी पिता मो० कलामुद्दीन अंसारी ग्राम साड़ीसंडा, थाना कुटुंबा, जिला औरंगाबाद बिहार, मो० तौकीर अंसारी उर्फ फरहान पिता मो० रियासत अंसारी ग्राम हरिहरगंज, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। इस मौके पर रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर निवासी सह भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह अपने समर्थकों के साथ शनिवार को झामुमो का दामन थाम लिए। उन्हें पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने आवास पर गले में पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल कराया। मौके पर राजीव रंजन सिंह ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र से भय, भूख भ्रष्टाचार को मिटाने, पलायन को रोकने के साथ ही भवनाथपुर में पॉवर प्लांट लगवाकर क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने का संकल्प पूर्व विधायक अनंत प्रताप ने लिया है। कहा कि उनकी इस दूरदर्शी सोच से प्रेरित होते हुए आगामी विस चुनाव में श्री देव को एक बार फिर से विधायक बनाने के उद्धेश्य से मैं अपने समर्थकों के साथ झामुमो पार्टी में शामिल हुआ हूं।

## न्यायिक पदाधिकारियों ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ का भ्रमण किया



कांडी (आजाद सिपाही)। जिला के न्यायिक पदाधिकारियों ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सतबहिनी स्थित नौ मंदिरों की श्रृंखला में सभी देव शक्तियों का दर्शन और नमन किया। उन्होंने सतबहिनी झरना तीर्थ को बहुत ही रमणीक एवं सुंदर पर्यटन स्थल बताया। कहा कि इसके और बेहतर विकास की संभावना है। न्यायिक पदाधिकारियों यथा - प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार विपुल व व्यवहार न्यायालय के नाजिर दीपक कुमार सिन्हा आदि ने सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महाकाली और महालक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना की एवं नारियल फोड़ा। उन्होंने भगवान भास्कर, बजरंगबली, भैरवनाथ, साक्षी गणेश, भगवान शिव, नंदी महाराज आदि के मंदिरों का दर्शन व वंदन किया। इस मौके पर संत हरिदास जी, कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, सुदर्शन तिवारी, गोरखनाथ सिंह, वैद्यनाथ पांडेय, मुखिया पांडेय, निरंजन सिंह, सुखदेव साव, देवी दयाल राम, उपेंद्रनाथ तिवारी, रघुनंदन राम, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतीश चंद्र पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## देवर-भाभी ने कुआं में कूद कर दी जान



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत खरडीहा गांव के रामदाहा टोला निवासी सुनिल यादव उम्र 25 वर्ष पिता गोपाल यादव और ललिता देवी उम्र 26 वर्ष पति अनिल यादव दोनों घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्थित भठकुआं (कच्चा कुआं) में कूद कर आत्महत्या हत्या कर लिया है। मृतक सुनिल यादव एवं मृतिका ललिता देवी आपस में देवर भाभी हैं। पहले मृतिका ललिता देवी कच्चा कुआं में कूदी फिर उन्हें बचाने के लिए सुनिल यादव कुआं में कूदा और दम घुटने से दोनों की मृत्यु हो गई। रंका थाना पुलिस शव को अंत्य परीक्षण हेतु गढ़वा भेज दी है और अन्य संभावित बिंदुओं पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप, मिठाई के सैंपल जांच के लिए भेजे गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजना मिंज ने तीन दुकानों पर छापेमारी की, जिसमें रेडीमेड मिठाई के सैंपल एकत्रित किये गये।


खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजना मिंज ने बताया कि लिये गये सैंपल लैब में भेजे गये हैं, जहां जांच के बाद यदि केमिकल की मिलावट पीय गयी तो संबंधित दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी की खबर से इलाके के मिष्ठान भंडार, होटल, और किराना दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

ज्ञात हो कि 15 अक्टूबर को नगर के एक गोलगप्पे विक्रेता द्वारा हार्पिक और यूरिया जैसे जानलेवा केमिकल मिलाने का मामला सामने आया था, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कन्या विद्यालय के समीप छापेमारी कर दो युवकों को हिरासत में लिया था। पूछताछ में युवकों ने इस घातक मिलावट की बात स्वीकार की थी, जिसके बाद से जिला प्रशासन चौकस हो गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 16 अक्टूबर को गोलगप्पे (फूचका) का सैंपल भी लैब में भेजा था, और अब बाजार क्षेत्र में खाद्य सामग्री की नियमित निगरानी की जा रही है।

इस छापेमारी के दौरान एएसआई दिनेश मांझी, जिला खाद्य सुरक्षा विभाग से विवेक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार, और पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

# अंधेरे में हो रही बालू की अवैध ढुलाई, ट्रैक्टरों के शोर से ग्रामीणों की नींद हराम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पक्ष :** मामले में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि बालू का अबैध कारोबार करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

**डंडई।** थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बालू माफिया रात के अंधेरे में इस काले धंधे को अंजाम दे रहे हैं। और क्षेत्र में बालू 4000 से 5000 प्रति ट्रैक्टर बेचा जा रहा है। जिससे बालू के अवैध कारोबार से बालू माफिया फल फूल रहे हैं। जहां स्थानीय प्रशासन और पदाधिकारी का घोर लापरवाही साफ दिखायी दे रही है। यहां प्रतिदिन रात्रि के समय दर्जनों ट्रैक्टर से अवैध बालू की कारोबार किया जा रहा है। बेझिझक होकर बालू माफिया बालू का गोरखधंधा अपनाकर मालामाल हो रहे हैं। वहीं जिस ट्रैक्टर से अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है। अधिकतर ट्रैक्टरों में ट्रैक्टर का नंबर प्लेट गायब होता है। वहीं ट्रैक्टर का चालक भी आधे से ज्यादा नाबालिग चालक रहते है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। प्रखंड के ग्रामीणों ने बताया कि रारो के रास्ते, पचौर के रास्ते और बैरियादामर के रास्ते बड़े पैमाने पर बालचौरा और सरकी कनहर नदी से बालू का उत्खनन और उठाव कर इन क्षेत्रों में महंगे दरों पर बेचा जा रहा है। बालू विक्रेताओं के द्वारा खुलेआम बताया जाता है कि थाना और संबंधित अधिकारियों से मैनेज कर बालू ढो रहे है। इसलिए महंगा बेच रहे हैं। बैरियादामर रारो और त्रिवेणी टोला के ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय भंडार डोल कदवा पचौर तथा डंडई के कई बालू माफिया इसी रास्ते से रात्रि के समय बालू लदा ट्रैक्टर को ले जाते है। वहीं काफी स्पीड में बालू लदा ट्रैक्टर को पार करते हैं जिससे काफी खतरा है। सड़क के किनारे अवस्थित ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि के समय बालू का अवैध ढुलाई कर रहे ट्रैक्टरों के तेज आवाज से ग्रामीणों की तो नींद ही हराम कर दी है। सोना दुश्वार हो गया है। ग्रामीण काफी परेशान हैं लोगों का कहना है। जिस तरह से अवैध रूप से बालू की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जिससे यह स्पष्ट होता है। कि इसमें कहीं ना कहीं पदाधिकारियों की भी मिलीभगत है जिससे बालू माफियाओं के द्वारा बेखौफ होकर बालू का उत्खनन कर मनमानी दामों पर बेचा जा रहा है। बताया कि डंडई अम्माखोरेया मुख्य सड़क से भोर में भी बालू की धुलाई किया जा रहा है।

# सीओ और थाना प्रभारी ने नारायण वन सूर्य मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर नारायण वन, मुकुंदपुर में केतार सीओ प्रशांत कुमार और थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी पहुंचकर निरीक्षण किया। सीओ ने मंदिर विकास समिति के लोगो से छठ महापर्व का सफल आयोजन में होने वाले समस्या से अवगत हुए। उन्होंने, पेयजल व्यवस्था, दुरस्त करने के लिए पंचायत सचिव को निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक विंदु लाइटिंग, सीसीटीवी, झरने, पार्किंग एवं स्वास्थ्य व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं का निर्देश दिया। छठ महापर्व में आने वाले आगंतुकों को स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए विभाग को पत्राचार करने की बात कहे। वहीं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी से मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह सहित सदस्यों ने मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 100 महिला पुरुष जवान की मांग किया गया। थाना प्रभारी ने विभाग को पत्राचार करने की आश्वासन दिये। बताते चले कि श्री सूर्यनारायण मंदिर नारायण वन में झारखंड समेत अन्य सीमावर्ती प्रदेश के छठ व्रती आते है। इस दिन यह डेढ़ लाख से अधिक लोग छठ महापर्व के अवसर पर छठ व्रती समेत उनके सहयोगी और दर्शन करने लोग आते है। पौराणिक मान्यताएं है कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के दिन ही दो तीन पुत्र प्राप्ति की कामनाएं लेकर आयी माता का पुत्र रत्न की ही प्राप्ति होती है। इस मंदिर में आठ दशक पूर्व से छठ महापर्व का आयोजन होता रहा है। पहले छोटा सा मंदिर था। अब विशाल रथनुमा मंदिर का निर्माण करा कर यज्ञ करने के बाद इस रथ नुमा मंदिर में साक्षात एक दिव्य पत्थर में प्रकाशमान सूर्य को स्थापित की गयी है। अभी मंदिर को आकृषित रूप से सजाने संवारने की कार्य मंदिर विकास समिति के लोगो के द्वारा की जा रही है। इस मौके मंदिर विकास समिति के संरक्षक अजय वर्मा, अनुशासन समिति के सदस्य रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ अशर्फी मेहता, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, सदस्य अशोक पासवान, नगीना वियार, दिलकिशोर प्रसाद, उमेश गुप्ता, पुजारी ओमनारायण पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संभावित डमी प्रत्याशियों पर रहेगी कड़ी नजर, प्रमाणित हुआ तो होगा केस दर्ज : निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के कार्यक्रम अनुरूप 80-गढ़वा विस क्षेत्र में नाम निर्देशन का कार्य पूरा हो चुका है, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी होनी है। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि गढ़वा विस क्षेत्र से उम्मीदवारी हेतु कुल 25 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरे चुनाव के दौरान संभावित डमी अभ्यर्थियों पर भी कड़ी नजर रखी जायेगी। अक्सर सुनने में मिलता है कि कुछ राजनैतिक दलों अथवा अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रावधानों से बचने के लिए कुछ व्यक्तियों को डमी कैंडिडेट के रूप में खड़ा कर दुरूपयोग करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में डमी कैंडिडेट द्वारा वाहन परमिट अथवा प्रचार सामग्री हेतु पास की गई अनुमति का अन्य अभ्यर्थी के पक्ष में समर्थन कर दुरूपयोग किये जाने की आशंका होती है, जो आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

किंतु इस बार यदि कोई प्रत्याशी ऐसा प्रयास करत हैं तो उनके लिए यह महंगा पड़ने वाला है। बताया कि गाइडलाइन के अनुसार एक उम्मीदवार के प्रचार वाहनों पर यदि दूसरे उम्मीदवार के समर्थक या बैनर-पोस्टर देखे गये, तो ऐसे उम्मीदवारों को डमी उम्मीदवार घोषित किया जायेगा। इसके अलावा यदि एक प्रत्याशी या उसके समर्थक किसी दूसरे प्रतिद्वंदी प्रत्याशी के साथ या पक्ष में वोट मांगते मिले, तो इस आधार पर उन दोनों में से किसी उम्मीदवार को डमी उम्मीदवार मान लिया जायेगा।

**आम लोगों से फीडबैक तथा गोपनीय सूचनायें भी जुटायी जायेंगी :** संजय कुमार ने बताया कि डमी उम्मीदवारों की पहचान के लिए लोगों से फीडबैक लेने के साथ ही खुफिया तंत्र का भी सहारा लिया जायेगा। सूचना मिलने के बाद ऐसे उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार, चुनाव कार्यालय व चुनाव खातों की गोपनीय निगरानी की जायेगी। संभावित उड़नदस्ता दल तथा वीडियो सर्विलांस टीमों को भी ऐसे प्रत्याशियों की निगरानी में लगाया जायेगा। उम्मीदवारों के वाहनों की जांच के क्रम में यदि डमी उम्मीदवार के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं तो भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई तय है।

ऐसे किसी अभ्यर्थी द्वारा अन्य अभ्यर्थी, राजनैतिक दल के पक्ष में समर्थन या प्रचार-प्रसार सामग्री का उपयोग करने पर तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा, साथ ही जिस अभ्यर्थी के पक्ष में प्रचार किया जा रहा है, उस अभ्यर्थी को भी नोटिस जारी कर प्रकरण दर्ज किया जायेगा।


कार्यालय जिला निर्वाचनपदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

आम सूचना

लातेहार जिला के सभी मतदाता/राजनीतिक दल एवं बी0एल0ओ0 कृपया ध्यान दें

1. विधानसभा आमचुनाव 2024 के क्रम में मतदाता सूची में दर्ज आपकी विवरणी के अनुरूप मतदाता पर्ची एवं पर्ची रजिस्टर लेकर संबंधित मतदान केन्द्र के बी0एल0ओ0 आप के घर तक आयेंगें एवं आपको पर्ची उपलब्ध करायेंगे। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण दिनांक 26.10.2024 से 08.11.2024 तक की जायेगी।
2. संबंधित वोटर अपना वोटर पर्ची प्राप्त करते हुए बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध पर्ची रजिस्टर पर अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेंगे।
3. आप सभी मतदाताओं से अपील है कि अपने बी0एल0ओ0 से मतदाता सूचना पर्ची अवश्य प्राप्त करलें, ताकि मतदान के दिन अपने मतदान केन्द्र एवं वोटर विवरणी के लिए परेशान न होना पड़े।
4. यदि किसी परिवार का कोई सदस्य एक–दो दिन के लिए बाहर गया है तो परिवार के मुखिया (माता/पिता) उसका वोटर पर्ची प्राप्त करेंगे, लेकिन पर्ची रजिस्टर पर अपने हस्ताक्षर के साथ वोटर से संबंध का भी उल्लेख करेंगे।

नोट :–

- **सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों/कार्यकर्त्ताओं से अपील है कि मतदाता सूचना पर्ची के संदर्भ में आम लोगों को भी अपने स्तर से जानकारी देंगे।**
- **सभी बी0एल0ओ0 को निदेशित किया जाता है कि, निर्धारित अवधि के बीच शत् प्रतिशत मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं इसके एवज में पर्ची रजिस्टर में हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।**

मतदाता पर्ची वितरण में शिकायत हो तो जिला मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम 06565–247981 एवं मतदाता सहायता केन्द्र के टॉल फ्री नंबर– 1950 में फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339544 Election (24-25)_D

# तमाड़ विधानसभा में आजसू में हो रही है बगावत, पार्टी के तीन नेताओं ने किया नामांकन, कई ने पार्टी छोड़ी

स्वरूप भट्टाचार्य







**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गयी है। 13 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर थी। नाम वापसी की तिथी 30 अक्टूबर है। तमाड़ विधानसभा सीट 58 एनडीए गठबंधन के तहत जदयू के खाते में चली गयी है। यहां गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भाजपा-आजसू को जदयू को समर्थन करना है, लेकिन भाजपा आलाकमान के साथ आजसू की बैठक के बाद गठबंधन के तहत जदयू को तमाड़ सीट दी गयी और तमाड़ के पूर्व विधायक एवं मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को उम्मीदवार बनाया गया। इसके बाद ही आजसू पार्टी में बिखराव देखा जा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया। इसके बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव गुंजन ईकिर मुंडा ने भी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया। इसके बाद हाल ही में आजसू पाटी में आये अभियंता प्रमुख सिंग राय टूटी ने भी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह बुंडू नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल ने पार्टी छोड़कर झामुमो का दामन थामा। आजसू पार्टी के मीडिया प्रभारी हरदेव महतो ने पार्टी छोड़ कर झामुमो का दामन थामा। इन लोगों ने न पाटी से इस्तीफा दिया और न ही सुप्रीमो को इसकी जानकारी दी और न ही सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने पार्टी से निलंबित किया, फिर कैसे गठबंधन धर्म का पालन होगा। आलाकमान के साथ बैठक कर गठबंधन बन जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं किया जाता है। यहां अपनी डफली, अपना राग चरितार्थ होती ह। भाजपा गठबंधन धर्म का बखूबी पालन कर रही है। राजा पीटर के नामांकन के दिन भी आजसू पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता नहीं के बराबर पहुंचे। खुद आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो भी नहीं आये। लोगों में ये चुनाव के पहले चर्चा का विषय है। आजाद सिपाही संवाददाता ने परमेश्वरी शांडिल को पूछा, तो उन्होंने कहा कि मैंने आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को बता दी हूं और इस्तीफा भी भेज दी हूं। इधर तीनों उम्मीदवार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू, तमाड़ अड़की तीनों प्रखंड क्षेत्र से है। क्या यह एनडीए गठबंधन को कमजोर करने की साज़िश तो नहीं है। इन तीनों के नामांकन में आजसू पार्टी के कई बड़े व छोटे नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे। अगर समय रहते आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो इस पर पहल नहीं करते हैं, तो पाटी में और विखराव होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## बाबूलाल मरांडी से राजा पीटर ने की मुलाकात




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से रांची कार्यालय में तमाड़ विधानसभा चुनाव के एनडीए गठबंधन के तहत जदयू उम्मीदवार पुर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने मुलाकात कर चुनाव से संबंधित कई अहम मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। जनता से मिल रहे समर्थन से यह स्पष्ट है की झारखंड में इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। जीतेंगे तमाड़ विधानसभा बनायेंगे एनडीए सरकार।

## एकल अभियान विद्यालय तमाड़ संच की बैठक



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान विद्यालय तमाड़ संच की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संच प्रमुख जय सिंह मुंडा ने किया। बैठक में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में तमाड़ विधानसभा से एनडीए उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को जिताने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर तमाड़ संच संरक्षक लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि हमें केवल झूठे घोषणा करने वाले सरकार नहीं चाहिए, हमें राज्य में महिलाओं की सुरक्षा देने में असमर्थ सरकार नहीं चाहिए, हमें किसानों, युवाओं, आदिवासियों, महिलाओं, विधार्थियों, व्यापारियों, आदि के साथ खिलवाड़ और धोकेबाजी करने वाली सरकार नहीं चाहिए। हमें तो राज्य और राष्ट्र को मजबूत करने वाली सरकार चाहिए। हमें आदिवासी मूल वासी के हित की बात करने वाली सरकार चाहिए। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति की चिंता करने वाली सरकार चाहिए। शिक्षित बेरोजगारों को स्वच्छ और पारदर्शिता के साथ नौकरी देने वाली सरकार चाहिए। और ये सारी चीजें नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सरकार ही कर सकती है। बैठक में संच प्रमुख जय सिंह मुण्डा के अलावे संच साधक मंगल स्वांसी, बिरेंद्र मुंडा, प्रदीप महतो, शंकर सोनार, हरिराम महतो, घासीराम महतो, सहित आचार्य बिरेंद्र प्रमाणिक, सत्यनारायण मुंडा, बैजनाथ मुंडा, कल्याणी गायत्री, संज्योति देवी, नवमी कुमारी, सावित्री देवी, नन्दिता देवी, यज्ञश्वरी देवी, सविता देवी शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी श्यामा प्रसाद महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकडू प्रखंड के केंदाअंदा निवासी झारखंड आंदोलनकारी श्यामा प्रसाद महतो का शुक्रवार की रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बीमारी के कारण बीती रात करीब नौ बजे उन्होने अपने पैतृक निवास में अंतिम सांस ली। श्यामा प्रसाद महतो विद्यार्थी काल में छात्र नेता भी रहे थे। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र डिग्री कॉलेज सिंहभूम कॉलेज चांडिल के अध्यक्ष भी रह चुके थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने छात्र हित में कई काम किए थे। श्यामा प्रसाद महतो ने ही चांडिल कॉलेज मोड़ में पहली बार टाटा-बरकाखाना ट्रेन का चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवायी थी। इसके कारण इन्हें रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उन्हें एक रात जेल में गुजारना पड़ा था। इसके बाद विद्यार्थियों के आक्रोश और उनकी मांग को देखते हुए चांडिलकॉलेज मोड़ में छात्रों के लिए टाटा-बरकाखाना ट्रेन लगातर रुकती है।

## श्रीरामचरित्रमानस पाठ कथा संपन्न

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदिरी गांव मे श्री बजरंगबली मंदिर प्रांगण में जगत की कल्याण हेतु 24 घंटा अखंड राम चरित्र मानस पाठ एवं कथा का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न जगह से मानस पाठ एवं कथा वाचकों के द्वारा प्रभु श्री राम का कथा सुनाया गया। इस अवसर पर गांव के भक्तबृद महिला एवं पुरुष काफी संख्या में उपस्थित होकर प्रभु श्री राम का कथा श्रवण किया। इस महायज्ञ का आयोजन बजरंगबली मंदिर समिति एवं पुंडीदिरी ग्राम वासियो के द्वारा किया गया।

## जदयू कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू के आईबी के निकट जदयू कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बुंडू झामुमो पार्टी के जनक सिंह मुंडा आमजोड़ा एवं लोदो मुंडा हेसादा के साथ दर्जनों ने जदयू प्रत्याशी राजा पीटर पर आस्था रखते हुए जदयू का दामन थाम लिया। इस अवसर पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी रोशन महतो ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन एक आदिवासी विधवा महिला का अपमान इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार इरफान अंसारी ने किया लेकिन झामुमो ने इस पर किसी भी प्रकार कि आपत्ति दर्ज नहीं किया। यह बड़ी दुःख की बात है। झारखंड में एक तरफ प्रदेश में मंईया सम्मान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर झारखंड के आदिवासी महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। इस बात से नाराज होकर झामुमो के कार्यकर्ता जदयू का दामन थामा है। इस अवसर पर बंटी मुंडा, संतोष जायसवाल, अशोक प्रमाणिक के राणा पाल मीना देवी उपस्थित थे रोशन महतो एवं बंटी मुंडा ने जदयू का दामन थामने वाले को माला पहनाकर स्वागत किया।

## किक बॉक्सिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू में एक दिवसीय किक बॉक्सिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किक बॉक्सिंग के पॉइंट फाइट, फुल कॉन्टैक्ट, लाइट कॉन्टैक्ट, लौ किक, स्टेट पांच, राउंड पांच, हुक पांच आदि का टेक्निक ग्राउंड में दिया गया। एवं तातमी और रिंग का पॉइंट विस्तार प्रोजेक्टर में वीडियो के माध्यम से बताया गया। खिलाड़ी बहुत ही उत्साह से तकनीकों के गुण सीखे! कैंप में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए स्कूल के निर्देशक अली अराफात प्रिंसिपल तराना बेगम ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए, कहा खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राजकीय, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खेल में भाग लेकर देश का नाम और हमारे झारखंड का नाम रोशन कर सकते हैं। कैंप को सफल बनाने के लिए झारखंड किक बॉक्सिंग स्पोर्ट संगठन के सेक्रेटरी ओवैस अराफात जॉइंट सेक्रेटरी प्रदीप प्रमाणिक, अरशद अंसारी, जोनास लिंडा, सूरज कुमार, नीरज कुमार, रवि उरांव उपस्थित थे।

## सिल्ली एसएस प्लस टू हाइस्कूल ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू हाईस्कूल सिल्ली की ओर से शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। स्कूल के विद्यार्थियों ने जुलूस की शक्ल में एक साथ मोहल्लों में घूम-घूम कर मतदान करने एवं मतदाता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। सभी बच्चे के हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। स्कूली बच्चों ने रैली स्कूल से निकलकर ब्लॉक कालोनी होते हुए कई मोहल्लों में घूमते हुए वापस स्कूल पहुंचे। इस जागरूकता अभियान में स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार पांडेय, शिक्षिका मोना कुमारी, निभा कुमारी, छात्र सूरज कुमार महतो समेत दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## जीतूचरण राम ने किया खलारी का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कांके विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक जीतू चरण राम ने खलारी का दौरा किया। उन्होंने मैकलुस्कीगंज के लपरा, हेसालौंग, नावाडीह, धमधमिया, केडी बाजार, बमने सहित विभिन्न मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया व लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। अभियान की शुरूआत मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर से हुई। इसके पश्चात हुंटाप देवी मंदिर, लपरा देवी मंदिर, हेसालोंग शिव मंदिर, धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण, बाजार टांड़ शिव मंदिर में दर्शन एवं पूजन कर किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार बनने पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। सभी गांव पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कहा कि वह हमेशा उनके साथ हैं। हर संभव सहयोग के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। भाजपा राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कृत संकल्पित है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय, जिला परिषद सरस्वती देवी, श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह फुलेश्वर महतो, जितेन्द्र पांडेय, जितेंद्र भारती, चतुर्गुण भुइंया, विकाश दुबे , शत्रुंजय सिंह, नेपाल सिंह, शशि प्रसाद साहू, शशि पांडेय, सुशील अग्रवाल, आनंद सिंह ,रामसूरत यादव, राजू गुप्ता, शशि उरांव, रतन लाल, कमलेश महतो, रविंदर पासवान, मनोज जायसवाल, दिलीप पासवान, लालेश्वर यादव, रामेश्वर महतो, कुलदीप लोहारा, संजीत तूरी, दिलीप गंझू, तुलसी मुंडा, ममता केसरी, नीरा देवी, आनंद झा, सरिता देवी, सुबोध रजक, शुभम सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आम्रेश्वर धाम के शनिदेव मंदिर में उमड़ी एक पुत्र वाली माताओं की भीड़, 40 हजार भक्तों ने की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम स्थित शनिदेव मंदिर में महिला भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हर शनिवार को एकलौते पुत्र की माताओं की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ रही है। महिल भक्तें की भीड़ का आलम यह है कि बाबा शनिदेव की पूजा-अर्चना और दान-दक्षिणा के लिए सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक महिलाओं की लंबी कतार लग रही। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महासचिव मनोज कुमार कहते हैं कि हर शनिवार को महिलाओं की इतनी भीड़ उमड़ रही है कि मंदिर प्रबंध समिति को व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रबंध समिति के अधिकारी कहते हैं कि शनिदेव मंदिर में शनिवार को जितनी भीड़ उमड़ रही है, उतनी भीड़ तो बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक लिए सावन के महीने में भी नहीं उमड़ती। सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक 40 हजार से अधिक महिलाओं ने शनिदेव की पूजा-अर्चना की। एक किलोमीटर से भी अधिक लंबी कतार में हजारों महिलाएं हाथों में पूजा और दान की सामग्री के अलावा नारियल लेकर घंटों इंतजार करती रही। पिछले कुछ महीनों से हर शनिवार को शनि मंदिर में उमड़ रही भारी भीड़ के संबंध में पूजा करने आई महिलाओं ने बताया उन्हें सुनने में आया कि जिस महिला का एक पुत्र है, यदि वह शनिवार को शनिदेव मंदिर में पूजा नहीं करेगी, तो उनकी संतान पर विपत्ति आ सकती है। पूजा के लिंए आई माताओ को सुविधा पूर्वक दर्शन कराने में समिति के महामंत्री मनोज कुमार, प्रेमचंद महतो महेंद्र प्रसाद भगत, अरुण कर, दीपक सिंह, पवन गुप्ता, प्रदीप कुमार, ओम कुमार, सत्यजीत कुंडू आदि ने योगदान दिया।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platform and website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in prusuance of the Order dated 13.02.2022 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **SAMAJWADI PARTY**
Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY, 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**
(1) Name of the Constituency – **22 – BARKAGAON**
Name of the Candidate – **GOVIND BEDIA**

**Pending Criminal Cases**

The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Patratu P.S Case 46/2009 | Ramgarh P.S Case 110/2014 | Patratu P.S 135/2017 |
| (b) | Case No. With Name of the Court | GR754/09 Sri Rohit Kumar J.M. Ramgarh | GR 1117/2014 Sri Alok Singh J. M. Ramgarh | GR 528/17 Ayesha Singh Sardar, J.M. Ramgarh |
| (c) | Section(s) of Concerned Act./Codes Involved give no. of the section g. Section ... of IPC, | U/S -3 of def. of property act. | U/S -188, 427 IP.C. & U/S - 3 of def. of property act. | U/S -341, 323, 504 506, 427/34 I.P.C |
| (d) | Brief Description of offence | Violation of code of conduct | Violation of Code of Conduct | Assaulted and Abused |
| (e) | Whether charges have been framed (Mention YES or NO) | No | YES | NO |
| (f) | If answar against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | NIL | 18/01/2023 | NIL |
| (g) | Wheter any appeal/ application for revision has been filed against the proceedings (Mention YES of No) | NIL | NIL | NIL |

Sd/-
**GOVIND BEDIA**
Samajwadi Party
Candidate, Barkagaon

### घघारी बाबा, साईं मंदिर व सरना स्थल में मत्था टेक मांडर के भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

# बाबा-बेबी ने मिलकर मांडर को लूटा : सन्नी टोप्पो




लापुंग में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते मांडर के भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो। सभी में उपस्थित लोगों की भीड़।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** मांडर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने शनिवार को चुनाव प्रचार का शंखनाद दिया। इससे पहले लापुंग के घघारी बाबा, सरसा साईं मंदिर व ब्लान्दू सरना स्थल में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने अपने नेता को फूलों का हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। लापुंग के गत्या टोली बगीचा में सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस बार झारखंड में परिवर्तन की लहर है। मांडर विधानसभा में कमल का फूल खीलेगा। राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार और मांडर की विधायक भ्रष्टाचार में शामिल है, जिसे उखाड़ फेंकने का मन जनता बना चुकी है । इस बार मांडर विधानसभा से आपके गांव घर व समाज का बेटा चुनाव लड़ रहा है। उसे मतदान कर आशीर्वाद दीजिए और विजयी बनाएं। कहा कि 15 सालों से मांडर विधानसभा में एक परिवार शासन कर रहा है, लेकिन लापुंग का आज तक विकास नहीं हुआ। लापुंग में ना ही डिग्री कालेज हैं, ना एटीएम, हॉकी स्टेडियम ना किसान की फल सब्जी को रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज है। आज भी सेमला कुसुम टोली में जाने के लिए बांस की पुलिया पर चलना पड़ता है। कई गांवों में आज भी सड़क नहीं है। झारखंड बनने के 24 वर्ष बाद भी लापुंग का विकास नहीं हुआ। बाप-बेटी ने मिलकर मांडर को लूटा है। आज यहां के आदिवासी-मुलवसी ग्रामीण किसानों की क्या स्थिति है किसी से छिपी नहीं है। इसलिए इस बार झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना गोगो दीदी योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, सस्ता में रसोई गैस देने के अलावे अन्य योजना की जानकारी दी। दूसरी ओर, लालगंज व दोलाईचा के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में वापस लौट आए। उन्हें पार्टी का झंडा और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं, जनसंपर्क चलाते हुए सरसा, ककरिया, पोकटा, दाड़ी रामाटोली व लापुंग में घर-घर जाकर लोगों से मतदान की अपील की गयी। पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ से आये प्रवासी प्रभारी विधायक डॉ खेलावन साहू, जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो, पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर रामनरायण भगत, युवा एसटी मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र उरांव, प्रकाश गुप्ता, बिरसमुनि देवी, वैध खिलेश्वर सिंह खेरवार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू, राजधन सिंह, जितेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिमोहन लालसाहू, दुखहरण सिंह, जितेंद्रपाल सिंह, अनिल साहू, कृष्णा बड़ाइक, पवन साहू, विधानसभा प्रभारी रिपुसुदन साहू, विस्तारक डॉ रजनीकांत चौधरी आदि मौजूद थे।

# सुरेश बैठा के घर पहुंचे कांग्रेस के राज्य चुनाव प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** कांग्रेस के चुनाव प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और खिजरी विधायक सह प्रत्याशी राजेश कच्छप शनिवार की सुबह आइएनडीआइए गठबंधन के कांके विधानसभा के पार्टी प्रत्याशी सुरेश बैठा के घर नामकुम स्थित राजाउलातू पहुंचे। एक दिन पहले शुक्रवार को सुरेश बैठा की मां का निधन हो गया था। जानकारी मिलने के बाद प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों से मिलकर संतावना दी। कहा कि दुख की घड़ी में पूरी पार्टी आपके परिवार के साथ है। इस दौरान विधानसभा चुनाव में कांके एंव खिजरी विधानसभा सीट से चल रही तैयारियों एवं जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

## कांग्रेस नेता दशरथ पासवान भाजपा में शामिल

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं के रूठ कर पार्टी छोड़ दूसरी पार्टियों में शामिल होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को लिबर्टी काली मंदिर के समक्ष झरिया प्रखंड अनुसूचित जाति विभाग के नगर सचिव दशरथ पासवान अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। दशरथ पासवान उर्फ चंदन ने कहा कि कई बार हम लोगों ने क्षेत्र में जर्जर सड़क एवं नाला सहित अन्य विकास कार्यों को पूरा कराने की गुहार लगायी थी, लेकिन आज तक स्थानीय लोगों की मांग को पूरा नहीं किया गया। लोग समस्या में जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में मैं स्वेच्छा से समर्थकों के साथ कांग्रेस के पद से त्याग दे रहा हूं। इस मौके पर नरेश पासवान, रविंद्र पासवान, विजय कुमार, बाली यादव और पारस पंडित आदि उपस्थित थे।

# भारतीय समाज में कई नायक हैं: अक्षत गुप्ता




### 'दी हिडेन हिंदू' के लेखक अक्षत गुप्ता के किताब पर हुई परिचर्चा

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 'दी हिडेन हिंदू' के लेखक अक्षत गुप्ता ने कहा कि भारतीय समाज में कई नायक हैं। उन नायकों को साहित्य के माध्यम से समाज के समक्ष लाना और उनको भारतीय समृद्ध विरासत परंपरा से परिचय कराना ही लेखन का लक्ष्य है। वे शनिवार को प्रभात प्रकाशन सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे साहित्य को लोग आज भी पढ़ते हैं। प्रकाशक छापते हैं बशर्ते हम स्तरीय लिखे। आज समय है कि हम हिंदू होने पर गर्व करे। जब लिखे तो संकोच ना करें। हम भारतीय संस्कृति और परंपरा को अपने लेखन का विषय बनाए। वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलवीर दत्त ने कहा कि हिंदू होना स्वाभिमान की बात है, लेकिन इसे स्वहित और प्रचार का मामला नहीं बनाना चाहिए। चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि भारत की सभ्यता में साहित्य प्रचुर है । इसको वर्तमान संदर्भ और विकसित समाज के लिए उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर हरेंद्र सिन्हा आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अनुज सिन्हा, अचल प्रियदर्शी, संजय कृष्ण, असीत कुमार, नीरज नीर, सत्य शर्मा, राजीव किशोर, राजेश शर्मा, दिवाकर प्रकाश अवस्थी, संजीव भदौरिया, राजेंद्र सिंह, मनोज नेगी, संजीव सिंह, बसंत श्रीवास्तव, विवेकानंद उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# घर लौटने के दौरान स्कूटी से गिरकर सीआरपी घायल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरिया संकुल के संकुल साधनसेवी (सीआरपी) सुनील गुप्ता लापुंग से अपने घर बेड़ो लौटने के क्रम में एक बैल के दौड़ जाने से स्कूटी सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बारिश के बीच अंधेरा होने के कारण बैल को देख नहीं पाए और उसकी चपेट में आ गए। स्कूटी से गिरने के कारण उनके बाएं पैर और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीछे से आ रहे लापुंग बीडीओ के चालक आजाद अंसारी और अनुसेवक भोला उरांव ने उनकी मदद की और दोलैचा स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाईयां दी। प्राथमिक उपचार करने के बाद बीडीओ के चालक आजाद अंसारी एवं अनुसेवक भोला उरांव ने उन्हें बेड़ो स्थित घर पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक बेड़ो में इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में सभी बीआरपी सीआरपी की बैठक देर शाम तक चली। जिस कारण लौटने में विलंब हो गई और सीआरपी दुर्घटना का शिकार हो गए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा संचार को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** खिजरी विधानसभा में चुनाव को लेकर भाजपा टाटीसिलवे मंडल और लोवाडीह मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महिलोंग में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी ने किया। इस दौरान शिविर में खिजरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं खिजरी विधानसभा प्रभारी राजेंद्र दिक्षित भी उपस्थित हुए। रामकुमार पाहन ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को लोगों के बीच ले जाना और पार्टी की ओर से चलाए गए कार्यक्रमों से मतदाताओं को अवगत कराना है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मंच संचालन मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा ने की। शिविर में सांसद प्रतिनिधि मनेश महतो, वरिठ भाजपा नेता भोला मिश्रा, मुक्तिनाथ मिश्रा, नीता शर्मा, इंद्राणी रॉय, पिंकी सिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, राजेश यादव, अशोक गोप, गोपाल लोहिया, भीम मुंडा, पिंटु सिंह, आरडी सिंह, साईनाथ महतो आदि ने हिस्सा लिया।

## बस्ता कोला बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक भोलानाथ गोस्वामी का निधन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला पंचायत के पूर्व सरपंच एवं बस्ताकोला बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक भोला नाथ गोस्वामी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह (70) साल के थे। उनका अंतिम संस्कार बस्ताकोला गौशाला में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र विशाल गोस्वामी और विवेक गोस्वामी, पुत्री सुजाता गोस्वामी और पत्नी सुमित्रा देवी को छोड़ गये हैं। भोलानाथ गोस्वामी ने ग्रामीणों के जमीन के बदले मुआजा दिलाने को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन के साथ लंबा संघर्ष किया था। जिसके बाद सोनार बस्ती के ग्रामीणों को मुआवजा मिल पाया था।

# 'दाना' चक्रवात से धान, उरद-मडुआ व सब्जी की फसलों को भारी नुकसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दाना चक्रवात के कारण तेज हवा व वर्षा ने मुसीबत खड़ी कर दी है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं वर्षा से खेतों में तैयार उरद व मड़ुआ की फसल झड़ रही है। तेज हवा से धान की फसल खेतों में गिर गई। सब्जी की फसलों को खासकर फ्रेंचबिन की फसल गल गई जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ हैं। इसका असर आनेवाले दिनों में दिखेगा। सड़क पर कीचड़ के कारण लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं किसानों के खेतो में लगी टमाटर, खीरा, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा, बैगन, फ्रेंचबीन व मिर्चा की फसलों को भी नुकसान हुआ है। गांव के लोगों की जीविका का एक मात्र साधन खेती ही है। किसानों ने हाड़तोड़ मेहनत करके अनाज व सब्जी लगाकर पटवन किए थे। प्रखंड के किसान बुद्धनाथ महतो, पवन कुमार, ब्रजेश महतो, बलदेव महतो, विजय महतो, ईश्वर महतो, अशोक महतो, हरि महतो, दिनेश महतो, अशोक महतो, गोपाल महतो, श्याम महतो, पंकज कुजूर, सुका उरांव, प्रकाश उरांव, जुब्बी उरांव, जेवियर तिर्की, सुलेमान तिर्की, मंगलू उरांव, जतरु उरांव, भीम और सुनील आदि किसानों का कहना है कि दो दिनों के वर्षा ने किसानों की कमर तोड़ दी। किसानो ने प्रखंड प्रशासन से फसलों के नुकसान का अविलंब मुआवजा देने की मांग की है।

# मतदान जागरूकता को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पोलिंग बूथों तक पंहुचे। इसके लिए कैंब्रिज परिवार विशेष अभियान चला रहा है। शनिवार को कैंब्रिज बीएड कॉलेज में डीएलएड के प्रशिक्षु विद्यार्थिओं ने संस्थान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था विकसित भारत के लिए मतदान के महत्व। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार व हिंदी के प्रद्यापक डॉ सत्येश कुमार सिंह ने चुनावी पर्व और अपनी साहभागिता पर प्रकाश डाल। इसे राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार सुधीर कुमार, द्वितीय पुरुस्कार विवेक महत्ता व तृतीय पुरस्कार छात्रा अंशु लुगुण को मिला। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक डॉ सत्येश सिंह, प्रो जासिंता गुड़िया, प्रदीप कुमार की भूमिका सराहनीय रही। डॉ सत्येश ने बताया कि दीपोत्सव से पूर्व अन्य कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### 28 को खिजरी प्रत्याशी रामकुमार पाहन करेंगे नामांकन, सभा-रैली कर करेंगे शक्ति प्रदर्शन

# चल रही परिवर्तन की बयार, ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना है : रामकुमार पाहन



भाजपा अनगड़ा और सिकिदिरी मंडल की एक संयुक्त बैठक में उपस्थित खिजरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा/ओरमांझी।** आरटीसी पब्लिक स्कूल सभागार में शनिवार को भाजपा अनगड़ा और सिकिदिरी मंडल की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया। बैठक में खिजरी विधानसभा चुनाव प्रभारी राकेश भास्कर एवं एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राकेश भास्कर ने कहा कि वर्तमान सरकार के खिलाफ जनता खासकर युवाओं में जबर्दस्त आक्रोश है। नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है। पांच सालों तक यह सरकार सिर्फ झूठ पर टिकी हुई थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान के दौरान वर्तमान सरकार की लूट, घोटाला, झूठ, भ्रष्टाचार आदि जनविरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराने को कहा। उन्होंने जनता से इस बार परिर्वतन कर एनडीए प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की अपील की। कहा कि 28 सितंबर को रामकुमार पाहन खिजरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 28 सितंबर की सुबह भारी संख्या में मोराबादी मैदान पहुंचने की अपील की। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ग्रामीण ज़िला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, पूर्व किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू, प्रवासी राजेंद्र दीक्षित, रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, रामनाथ महतो, घनेनाथ महतो, राजेश मिश्रा, सोहन मुंडा, हिमांशु शेखर चौधरी, दुर्गा महतो, शिवशंकर मुंडा आदि उपस्थित थे। संचालन कामेश्वर महतो ने और धन्यवाद ज्ञापन सोहराई बेदिया ने किया।

# भाजपा ओरमांझी मंडल में विस चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा ओरमांझी मंडल में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने की। बैठक में मंडल, पंचायत प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य चुनावी तैयारियों को मजबूती देना और जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करना था। बैठक में भाजपा के खिजरी विधानसभा प्रत्याशी राम कुमार पाहन भी शामिल हुए। उनके साथ खिजरी विधानसभा प्रभारी राकेश भास्कर, प्रवासी प्रभारी राजेंद्र दीक्षित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र महतो, वरिष्ठ नेता अमरनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, महामंत्री अलखनाथ महतो और शशि भूषण साहू आदि भी मौजूद थे, जिन्होंने चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने, मतदान केंद्रों पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। प्रत्याशी राम कुमार पाहन ने कहा कि चुनावी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हर बूथ पर भाजपा की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की अपील की। बतातें चलें कि राम कुमार पाहन 28 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर मोराबादी मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करने की तैयारियां की गईं। राम कुमार पाहन ने बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महत्वपूर्ण अवसर को सफल बनाएं और भाजपा की शक्ति का प्रदर्शन करें। वहीं, सभी ने मिलकर भाजपा को खिजरी विधानसभा में विजयी बनाने का संकल्प लिया। उधर, सुरेंद्र महतो ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनावी अभियान में जुट जाए। आने वाले चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। इस मौके पर बालक पाहन, बिरजू महतो, दुर्गा संकर साहू, सत्यनारायण तिवारी, सिकंदर महतो, राजकिशोर साहू, रोहित साहू, भानु प्रताप महतो, सुनील महतो, चतुर साहू, प्रवेश भोगता,चन्नू महतो राजेंद्र चौधरी, अजय साहू ,अमित राज राजेश गुप्ता, चमरू प्रजापति, संगीता देवी, कलावती देवी, मीना देवी, मणि देवी, कैलाश पाहन, चंद्रमोहन महतो, धंजय महतो, भूपेश कुमार, तेजू प्रजापति, मोतीलाल महतो, रामलखन महतो, नरेश महतो, सोनाराम महतो, रोहन वर्मन, सुरेश साहू, शंकर महतो, शिवशंकर साहू, गणेश महतो और आनंद महतो आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब निर्माण के खिलाफ छापामारी 130 किलो महुआ जावा और शराब जब्त



**पिठोरिया (आजा सिपाही)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के निर्माण और व्यापार पर कार्रवाई करते हुए पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम राय ने अंबाटोली में छापामारी कर 130 किलो महुआ जावा और शराब बनाने के उपकरण जब्त किये हैं। लगे हाथ भट्ठियों को ध्वस्त भी कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अवैध शराब निर्माण कार्य में लिप्त रहने वालों के खिलाफ ऐसे की कार्रवाई जारी रहेगी।

# पलामू जिले के विकास के लिए सोच समझ कर वोट करें : केएन त्रिपाठी

## कांग्रेस प्रत्याशी ने दो दर्जन गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान, मतदान करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड में चुनावी संग्राम का आगाज हो चुका है। पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया भी समाप्त हो चुका है। इसी क्रम में शनिवार को पूर्व मंत्री एवं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सदर प्रखंड के करीब दो दर्जन गांव भीमगाडा, तेतरिया टोला, धर्म टोला, महादेवमाडा, मुस्लिम टोला, सत्यारी टोला, गणके, मुटपुरही,



जनसंपर्क कर मतदान की अपील करते कांग्रेस प्रत्यासी केएन त्रिपाठी।

पोखराहा कलां, जमुने, पिछुलिया टोला आदि का दौरा कर समर्थन व सहयोग मांगा। वहीं, स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केएन त्रिपाठी ने कहा कि जनता को यहां के विधायक के उदासिनता एवं 10 सालों के अकर्मण्यता से मुक्ति दिलाना है। डाल्टनगंज, पलामू और झारखंड के विकास के लिए अगले पांच साल अपने परिजनों, परिवार व बाल बच्चों का भविष्य एवं अपने समाज के उत्थान के लिए सोच-समझकर मतदान करें। यहां पेयजल की समस्या से निजात के लिए कोयल नदी को बांधना है। खासमखास की समस्या से निजात दिलाना है। 25000 से अधिक नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराना है। महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार की दिशा में योजनाओं को धरातल पर लाना है। एक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कराना है। बड़े नदी-नालों को बांधना महत्वपूर्ण कार्य करना है। इसलिए अगला पांच साल जनता सोच -समझकर एक-एक वोट करें। जाती -धर्म आदि को भूलकर विकास के मुद्दे को याद कर वोट करें।

## अनुमंडलीय पत्रकार संघ का गठन, राजीव सिन्हा अध्यक्ष एवं कृष्णा प्रसाद बने सचिव



**हरिहरगंज/छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर में स्थित कोयल कम्युनिटी हॉल में शनिवार को अनुमंडलीय पत्रकार संघ गठन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गौरी शंकर सिंह और संचालन पत्रकार धर्मेंद्र सिंह ने किया। बैठक में छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पिपरा और नवाबाजार क्षेत्र के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विचार विमर्श के बाद अनुमंडलीय पत्रकार संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजीव सिन्हा को अध्यक्ष और कृष्णा प्रसाद गुप्ता को सचिव बनाया गया। वहीं डॉ अरुण कुमार सिंह, विनोद कुमार और प्रदीप कुमार वर्मा को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गयी। वहीं, कविलास मंडल, धर्मेंद्र कुमार सिंह, बबलू प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार को उपाध्यक्ष और राज कुमार विश्वकर्मा, योगेंद्र विश्वकर्मा, प्रसिद्ध कुमार और नीरज कुमार को उप सचिव बनाया गया है। इसके अलावा निरंजन कुमार को कोषाध्यक्ष, अरविंद कुमार अग्रवाल को उप कोषाध्यक्ष, पंचम कुमार को कार्यालय प्रभारी और चंदन कुमार को जन संपर्क पदाधिकारी के साथ ही विनय कुमार, सत्येंद्र कुमार चौरसिया, छोटू कुमार, मनोहर कुमार यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने सभी को धन्यवाद देते हुए मजबूती के लिए एकजुटता पर बल दिया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर संघ की मजबूती और आपसी समन्वय को लेकर हर माह के अंतिम रविवार को बैठक निर्धारित की गई।

## यह चुनाव हक-अधिकार बचाने की लड़ाई का है : ब्रह्मदेव प्रसाद

- विभिन्न राजनीतिक दलों के 500 कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक पारा भी उसी रफ्तार से चढ़ रहा है। इसी बीच लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में नेताओं-कार्यकर्ताओं के पाला बदल का सिलसिला भी जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को विश्रामपुर कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा, बसपा और राजद आदि राजनीतिक दलों के 500 कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हो गये। सभी को संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने पट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल



लोगों ने विस चुनाव में ब्रह्मदेव प्रसाद को जिताने का संकल्प लिया। वहीं, ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटना की आड़ में मेरी हत्या करवाने का प्रयास किया गया। पर भगवान के आशीर्वाद और जनता के स्नेह ने बचा लिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं थी। लेकिन क्षेत्र की जनता व समर्थकों के आग्रह पर चुनाव लड़ रहा हूं। इस चुनावी लड़ाई को जनता ही मुकाम तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हक, अधिकार, आरक्षण और आत्मसम्मान बचाने की लड़ाई है। विश्रामपुर विस क्षेत्र से बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दूर करने का चुनाव है। मौके पर मंच के कई पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता रथ को किया गया रवाना



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** स्थानीय प्रशाशन ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी व नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर रवाना किया। यह मतदाता जागरूकता रथ प्रखंड के सभी गांवों और नगर परिषद के सभी वार्डों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको शामिल होकर मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है, जिसका उपयोग जरूरी है। वहीं, बीडीओ ने कहा कि मताधिकार के प्रयोग से ही एक स्वच्छ जनप्रतिनिधि का चयन होता है और राज्य में एक नई सरकार का गठन होता है। सीओ ने सभी लोगों से मतदान करने की अपील की।

## पूर्णिमा नीरज सिंह किया जनसंपर्क

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान सैन नगर न्यू कॉलोनी निवासी सिकंदर अंसारी और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की। कहा कि झरिया के विकास के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। पूर्णिमा नीरज सिंह ने इस दिन थाना मोड़ स्थित किड्स गार्डेन स्कूल के निकट स्थानीय लोगों से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। वहीं, जनता से अपील करते हुए कहा कि आपने झरिया में एक ईमानदार नेता चुना जो आपकी सेवा कर रही है। अब फिर से मौका आया है कि हम झरिया के लिए और भी बड़े काम मजबूती से कर सकें। इस लिए लोग मतदान कर उन्हें जिताएं, ताकि विकास की गति जारी रहे।

## सूर्या सिंह ने शुरू की जन आशीर्वाद यात्रा, दर्जनों गांवों का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के पक्ष में भाजपा नेता सूर्या सिंह ने शनिवारर को जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने पोखरिया, दादरा, बनियाडीह, शिवा बिगहा, शिवा बिगहा टोला, कामत रजवार टोला, कामत राजपूत टोला, उरांव टोला, बराही, कुड़वा, खरड़ीहा, काजी बिगहा, शेखपुरा, बेलबीघा, नावाडीह, कजरात, अघेरिया, बेलबिघा, रेडिया और बहेरा का दौरा कर लोगों से कमलेश सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सूर्या ने कहा कि एक तरफ कमलेश सिंह सभी जाति-वर्ग के विकास की सोचते हैं। कहा कि कमलेश सिंह दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र का विकास किया है, जिससे सभी अवगत हैं। उन्होंने सड़क, शिक्षा, चिकित्सा व सिचाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर हुसैनाबाद की तस्वीर बदलने का प्रयास किया है। सूर्या ने आम लोगों से हुसैनाबाद हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में 12 साल के बाद टेस्ट सीरीज हार गयी। टीम इंडिया को पुणे टेस्ट में तीसरे ही दिन शनिवार को न्यूजीलैंड के हाथों 113 रनों की हार मिली।

## न्यूजीलैंड से 113 रनों की हार, भारत ने 12 साल बाद घर में गवांइ टेस्ट सीरीज

**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में शनिवार को कीवियों ने 113 रन से हरा दिया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने



पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी।

### भारत पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर कायम

पुणे में हार के बावजूद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप-2023-25 की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। भारत के खाते में 62.82% पॉइंट्स हैं। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम 50.00 फीसदी पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर है। इस साइकल में भारत के 6 मैच शेष हैं, इनमें से 5 ऑस्ट्रेलिया में खेलने हैं। भारतीय टीम को अपने दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए 6 में से 4 मैच जीतने होंगे।

## रघुराज प्रसाद की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** स्व रघुराज प्रसाद की चौथी पुण्यतिथि पर उनके दोनों पुत्र डॉ संतोष प्रसाद चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर और डॉ एमएम प्रसाद चिकित्सा पदाधिकारी सीएचसी विश्रामपुर ने समाज के गरीब लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के ऑपरेश नि:शुल्क करेंगे। यह विशेष सेवा पांच अक्टूबर से लेकर 12 दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। जो लोग इस सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं, वे मां ललिता अस्पताल जाकर ऑपरेशन फॉर्म प्राप्त कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ऑपरेशन फॉर्म को स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति या वार्ड पार्षद से हस्ताक्षरित और मोहर लगवाकर सभी रिपोर्ट्स के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उसके बाद ऑपरेशन की तिथि दी जाएगी और उसी दिन नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

### नि:शुल्क ऑपरेशन में शामिल बीमारियां

हाइड्रोसील, हर्निया, बवासीर, भगंदर, बंध्याकरण, बच्चेदानी में संक्रमण, बच्चेदानी का बाहर आना, गॉल ब्लैडर की पथरी, अपेंडिक्स गिट्टी आदि बिमारियां शामिल है। वहीं 12 दिसंबर तक आने वाले मरीजों से परामर्श शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पहले 50 मधुमेह रोगियों को नि:शुल्क ब्लड शुगर जांच मशीन दी जाएगी। समाज हित में वस्त्र वितरण 12 दिसंबर को समाज सेवा के तहत 100 कंबल और 100 साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा।

## युवाओं के सपनों को बेचा जा रहा: डॉ शशिभूषण

भाजपा प्रत्याशी डॉ शशि भूषण मेहता ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के मझौली गांव में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने वर्तमान गठबंधन सरकार की विफलताओं के बारे में लोगों को बताया। कहा कि यहां अफसरशाही हावी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। युवाओं के



सपनों को बेचा जा रहा है। गरीबों की कोई सुनने वाला नहीं है। इसलिए उन्हें अपना आशीर्वाद देकर भाजपा की सरकार बनायें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, जय किशोर प्रसाद गुप्ता, निरंजन सिंह, संस्कार सोनी, अखिलेश प्रसाद गुप्ता, रामचरित्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## सोना महल के ज्वेलरी प्रदर्शनी में उमड़ रही ग्राहकों की भीड़

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** धनतेरस एवं दीपावली पर सोने व चांदी के आभूषणों की खरीदारी को लेकर ग्राहक पलामू प्रमंडल के चर्चित ज्वेलरी शोरूम सोना महल में 15 अक्टूबर से एक नवंबर तक ज्वेलरी प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें दिल्ली, मुंबई, राजकोट, मेरठ एवं दुबई तक की ज्वेलरी खरीदने का मौका मिल सकता है। सोना महल के संचालक संतोष कुमार एवं धनंजय कुमार सोनी का कहना है कि धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट के रूप में 50 हजार के डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर 10 ग्राम चांदी का



सिक्का मुफ्त एवं 10 ग्राम सोने की ज्वेलरी की खरीदारी पर 2250 रुपए की भारी छूट दी जा रही है। संचालक धनंजय सोनी का कहना है कि धनतेरस में ग्राहकों को खरीदारी करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्राहक भीड़-भाड़ होने की वजह से अपने मनपसंद ज्वेलरी की खरीदारी नहीं कर पाते हैं। इसीलिए सोना महल की तरफ से यह ज्वेलरी महोत्सव रखा गया है जिसमें ग्राहक अपनी पसंद के ज्वेलरी को बुकिंग कर-के धनतेरस के दिन डिलीवरी ले सकते हैं। सोने के बढ़ते भाव को देखते हुए लाइटवेट ज्वेलरी पर ज्यादा ग्राहकों की नजर है इस पर ध्यान देते हुए संचालक कम बजट में ज्यादा फैलाव वाले जेवर उपलब्ध कराए है।

## नगरीय प्रशासन ने निकाला कैंडल मार्च, मतदाताओं को किया जागरूक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व स्वीप कोषांग के निदेर्शानुसार विश्रामपुर नगरीय प्रशासन की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नप मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला गया। स्थानीय गांधी चौक से शुरू हुए कैंडल मार्च के नगर भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, सीओ राकेश तिवारी और थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने



नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया। सोमा खंडौत ने बताया कि मतदाताओं के बीच व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, ताकि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो सके। इस दौरान मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सुबोध केशरी, रमेश कुमार, दीपक चंद्रवंशी, रवि कुमार, सुमित प्रसाद के अलावा सभी नप कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, पीडीएस दुकानदार आदि शामिल थे।

## 2080 पीठासीन और पी वन पदाधिकारी को मिला प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को स्थानीय गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कुल 2080 पीठासीन पदाधिकारी और पी वन पदाधिकारी को 110 मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण अलग-अलग 52 कमरों में दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को मॉक पोल से लेकर दस्तावेजों की पैकिंग की विस्तृत जानकारी दी। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के



कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने और मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। ईवीएम से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन की सीलिंग करने, वोटिंग करने, मतदान के आंकड़ो को एनकोर एप पर अपलोड करने एवं वोटिंग के बाद मशीन के सीलिंग के संबंध में सभी को जानकारी दी गयी।

## समाज के अग्रणी लोगों का व्यक्तित्व युवाओं के लिए मार्गदर्शक : नजीर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के युवा समाजसेवी सह मानसरोवर मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अंशु अग्रवाल की शनिवार को द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। दर्जनों लोगों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने अपने मित्रों के साथ हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदंड पंचायत में गरीब परिवार के बीच कॉपी, कलम और टार्च का वितरण किया। साथ ही जपला रेलवे स्टेशन में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि समाज के अग्रणी लोगों का व्यक्तित्व हमेशा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होता है। अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी एक मिशाल थे। युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व से सीख लेना चाहिए। मौके पर रविंद्र गुप्ता, विकास बेंगरा, संजय पासवान, सुजीत कुमार, अमर कुमार व नागेंद्र आदि मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार मुक्त विश्रामपुर बनाने के लिए करें मतदान : जागृति दुबे



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी जागृति दुबे ने शनिवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार भ्रष्टाचार मुक्त विश्रामपुर के लिए मतदान करें। अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए मतदान करें। आपके मतदान से ही विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन आ सकती है। उन्होंने कहा कि आरोप-प्रत्यारोप में नहीं जाना चाहतीं, लेकिन आप खुद ही सोचें कि क्षेत्र का अपेक्षित विकास क्यों नहीं हुआ। इसका दोषी कौन है। दो लोगों ने लगातार 40 वर्षों तक विश्रामपुर पर राज किया, फिर भी तस्वीर नहीं बदली। जागृति दुबे ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि विकास के लिए राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। इधर, पार्टी प्रमुख रजनीश रंजन उर्फ विकाश दुबे ने अपने समर्थकों के साथ जागृति दुबे के पक्ष जनसंपर्क चलाया।

## चुनाव आयोग की प्रेक्षक टीम ने स्ट्रांग रूम का जायजा लिया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव के तहत पलामू जिले के लिये नियुक्त सभी सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी निवार्ची पदाधिकारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में गणेश लाल कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केंद्र व वज्र गृह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रेक्षकों ने विधानसभावार स्ट्रांग रूम के लिए चिन्हित कक्ष आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



### विस चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने मैथन में की बैठक

# अंतर राज्यीय सीमा पर कड़ी चौकसी और सतर्कता बरतने का दिया निर्देश



मैथन में आयोजित बैठक में उपस्थित चुनाव आयुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** झारखंड में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के चुनाव आयुक्त पवन कुमार शनिवार को निरसा विधानसभा अंतर्गत मैथन स्थित चेयरमैन गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां आयोजित बैठक में पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक के बाद चुनाव आयुक्त पवन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बैठक की गयी है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि इंटर स्टेट बॉर्डर में काफी सतर्कता बरतनी है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। इस दौरान कोई भी अप्रिय घटना ना घटित हो। बैठक में डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी, निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला आदि मौजूद थे।

## डीसी व एसएसपी ने किया इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी बीच शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने चिरकुंडा स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की



सघन जांच करने और वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं एसएसपी ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

# धनबाद में दूसरी बार धंसी झारखंड की पहली आठ लेन सड़क, हड़कंप

बड़े से बने गड्ढे में गिर कर युवती हुई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड की पहली आठ लेन सड़क शुक्रवार को फिर धंस गई। सड़क का उद्घाटन चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑनलाइन किया था। 462 करोड़ रुपए की लागत से यह झारखंड की पहली आठ लेन सड़क बनी है। रघुवर दास की सरकार के समय इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। उसके बाद कई बाधाओं को पार करते हुए यह सड़क तैयार की गई। हालांकि, पूरी तरह से अभी भी तैयार नहीं हुई है। सड़क का दुर्भाग्य कहें कि चार अक्टूबर को उद्घाटन के ठीक बाद यह सड़क झारखंड मोड़ के समीप धंस गई थी। इस समय हल्की बारिश के बाद सड़क पर बड़ा सा गोफ (गड्ढा) बन गया था। अब एक माह बाद शुक्रवार को भी धनबाद में चक्रवाती तूफान दाना की वजह से सुबह से लगातार हो रही बारिश को सड़क बर्दाश्त नहीं कर सकी और झारखंड मोड़ के समीप गोफ बन गया। सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से देर शाम एक युवती घायल भी हो गई।



### पाइप फटने से धंसी नयी सड़क

**जानकारी के अनुसार 462 करोड़ की लागत से बनी झारखंड की पहली आठ लेन सड़क पर भूली के समीप सड़क के नीचे शहरी जलापूर्ति योजना की बिछी पाइप फटने की वजह से सड़क धंस गई। नगर निगम ने टेस्टिंग के लिए जैसे ही पानी छोड़ा, भूली के समीप यह पाइप और सड़क को फाड़ते हुए बाहर निकल गया। सड़क लगभग पांच फीट धंस गई। सड़क धंसने के बावजूद लोगों का आवागमन इसी रास्ते से होता रहा, जिससे हादसे का खतरा बना रहा। इधर, सड़क धंसने की सूचना पर धनबाद विधायक राज सिन्हा भूली पहुंचे। उन्होंने सड़क का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी से इसकी मरम्मत जल्द कराने का निर्देश दिया।**

### गुणवत्ता पर सवाल

इसके पहले भी यह सड़क लगभग 5 फीट तक धंस गई थी। लेकिन शुक्रवार को जो धंसान हुआ है, वह बड़े आकार में हुआ है। इससे अगल-बगल की सड़क भी फट गई है। आठ लेन सड़क का लोकार्पण हुआ तो लोगों को खुशी थी कि शहर के जाम में अब लोगों को नहीं जाना पड़ेगा। शहर के बाहर ही बाहर वह निकल सकते हैं, लेकिन उनकी उम्मीदों पर इस सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है।

## आइआइटी आइएसएम के फैकल्टी मेंबर्स की अपग्रेड हाइ स्कूल में कार्यशाला आयोजित



बीसीसीएल के परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी का दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम धनबाद के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की एक टीम ने शनिवार को बाघमारा के बेहराकुदर स्थित अपग्रेड हाई स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया। जो बीसीसीएल के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के अनुसार शुरू की गई पहल का हिस्सा थी। ताकि शैक्षणिक अंतर को पाटने और बीसीसीएल के परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों को आधुनिक दुनिया में पनपने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके। इस दौरान बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आइआइटी (आइएसएम) के विशेषज्ञों ने तीन नवीन तकनीकों के माध्यम से स्कूल के 150 से अधिक विद्यार्थियों को स्टेम शिक्षा और बुनियादी विज्ञान और गणित की अवधारणाओं के लिए प्रेरित किया। उनमें सहज ज्ञान युक्त और तार्किक दृष्टिकोण के माध्यम से स्टेम अवधारणाओं का प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके वैज्ञानिक अवधारणाओं का दृश्य प्रदर्शन और जीवित वैज्ञानिक प्रयोग शामिल है। औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर सह परियोजना समन्वयक व प्रबंधन प्रो रश्मि सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्यशाला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि विज्ञान और गणित में नवीन शिक्षण-अधिगम विधियों के माध्यम से सीखने के परिणामों में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थिकों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए कार्यशाला के बाद विज्ञान और गणित पर अभिनव व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। आइआइटी (आइएसएम) टीम, जिसमें प्रो निलाद्री दास सह प्रधान अन्वेषक के रूप में और नीलेश कुमार, आनंद चंद्र साहू, सनी कुमार और सुमना बनर्जी आदि सदस्यों ने व्याख्यान आयोजित, वीडियो का प्रदर्शन कर और प्रयोगों का प्रदर्शन करके कार्यशाला में सक्रिय योगदान दिया। इस मौके पर कुमार मनोज, महाप्रबंधक (सीएसआर) और अभिजीत मित्रा, प्रबंधक, सीएसआर के नेतृत्व में बीसीसीएल के सीएसआर विभाग की एक टीम भी कार्यशाला में उपस्थित थी।

# हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं से ठगी की है : डॉ लंबोदर महतो

गोमिया विधायक पर आस्था रखते हुए झामुमो और जेएलकेएम के सैकड़ों युवाओं ने थामा आजसू का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** विधायक डॉ लंबोदर महतो पर आस्था व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सैकड़ो युवाओं ने शनिवार को आयोजित मिलन समारोह में आजसू का दामन थाम लिया। पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न पंचायत से आए इन युवाओं का स्वागत करते हुए डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जिस प्रकार युवाओं ने अपना उत्साह दिखाया है और पार्टी में शामिल हुए हैं। उससे यह प्रतीत होता है की युवा गोमिया विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल बनाना चाहते हैं।



युवाओं की यह समझ बन गई है की राज्य में एनडीए की सरकार बनाना आवश्यक हो गया है। युवाओं में इस बात की चर्चा है की राज्य की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार से युवाओं का भला होने वाला नहीं है। इस सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। कहा कि पार्टी में आये युवाओं से आजसू को एक नई ऊर्जा मिलेगी। यह युवा विभिन्न टोलों व गांवों में जाकर संगठन को जहां सशक्त करेंगे वहीं लोगों को भी गोल बंद करेंगे। मिलन समारोह में झामुमो एवं जेएलकेएम छोड़कर आजसू में शामिल होने वालों में ओमप्रकाश भोक्ता, सिकंदर भोक्ता, नारायण भोक्ता, नतरू भोक्ता, तुरन भोक्ता, अकलू गंझू, सीताराम भोक्ता, राजू भोक्ता, सुंदर भोक्ता, तुपेश भोक्ता, सुरेश भोक्ता, सुभाष भोक्ता, महेश भोक्ता, मंडल भोक्ता, रवि भोक्ता, धीरज भोक्ता, रितेश भोक्ता, पंकज भोक्ता, मोहम्मद अजहरूद्दीन अंसारी, पीके चौधरी, बिरेन उरांव और चंदू तुरी आदि शामिल थे। इस मौके पर बुधन भोक्ता, भूपेंद्र कुमार महतो, संटू सिंह, चंदन सिन्हा, राजू महतो, दिनेश कांदू, आनंद महतो और हबीब उर्फ बबलू आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बचे अधिवक्ता मो जावेद


धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता मो जावेद शुक्रवार की रात सड़क हादसे में बाल-बाल बच गये। इस हादसे में उनरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। कार में तीन लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। ट्रक पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। अधिवक्ता जावेद रांची से संजीव सिंह मामले की बहस कर धनबाद लौट रहे थे। दुर्घटनाग्रस्त कार घटनास्थल पर ही छोड़कर वे देर रात धनबाद लौटे। उनका कहना था कि मेरी हत्या का प्रयास किया गया। ट्रक ने आगे से ओवरटेक कर रास्ते में खड़ा कर दिया जिससे उनकी गाड़ी टकरा गयी।

## सरकारी लाइसेंसी दुकानों में अब बेची जा रही नकली शराब

शराब की बोतलों पर प्रिंट रेट से अधिक वसूली वाले दुकानदाकों की शिकायत करें, कार्रवाई जरूर होगी : उत्पाद विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सरकारी लाइसेंसी शराब दुकानों में तय कीमत से अधिक राशि वसूले जाने के साथ ही यहां कार्यरत कर्मचारियों का लालच इतना बढ़ गया है कि अब यहां खुलेआम नकली शराब भी बेची जाने लगी है। स्थानीय लोगों ने जब सरकारी दुकानों में नकली शराब बेचते पकड़ा तो जमकर हंगामा हो गया। शराब दुकान के



खिलाफ जिला प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की गयी। लोगों ने नकली शराब बेचने और कीमत से ज्यादा लेने की शिकायत पुलिस और उत्पाद विभाग से भी की है। उधर, शिकायत पाकर उत्पाद विभाग के अधिकारी जॉय हेंब्रम उक्त दुकान में पहुंचे और शराब की जांच की। जॉय हेंब्रम ने नकली शराब बोतल को जब्त कर जांच के लिए अपने साथ ले गये। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगा। कहा कि सरकारी लाइसेंस प्राप्त शराब दुकानों से जबरन ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक राशि लिए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जिसके बाद ही कार्रवाई की गयी।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स को किया गया जागरूक



**धनबाद (आजाद सिपाही)। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के अंतर्गत शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक दिवसीय जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग द्वारा एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की विस्तृत जानकारी दी गई एवं तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें, उनके परिजनों-मित्रों को तंबाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करने के साथ ही पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करने से संबंधित अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व फर्स्ट टाइम एवं युवा वोटरों को विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के राहुल कुमार, जिला सलाहकार शुभांकर मैत्रा, उमाशंकर मंडल, एफएलसी जिला एनसीडी सेल पल्लवी सिंह, डीइओ जिला एनसीडी सेल थे।**

## नाई समाज ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को दिया समर्थन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विस से घोषित भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह का नाई समाज ने भी खुलकर समर्थन करने की घोषणा की है। झरिया के भागा 5 नंबर निवासी डॉक्टर सत्यनारायण ठाकुर के आवास पर शनिवार को नाई समाज ने बैठक कर रागिनी सिंह का खुले मंच से समर्थन कर ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह भी उपस्थित रही। नाई समाज ने कहा कि भाजपा सरकार में ओबीसी जातियों को जो मान-सम्मान मिला है वो कांग्रेस के शासन में कभी नहीं मिला। हमलोंगो को सिर्फ ठगा गया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस विधायक ने नाई समाज के उत्थान के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद नाई समाज को ही भूल गयीं और पांच सालों तक नजर नहीं आयी। अब चुनाव में दिखाई दे रही हैं। इस लिए नाई समाज ने भी इस बार भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में मतदान का निर्णय लिया है। वहीं, रागिनी सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग और समुदाय के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। नाई समाज का विकास में अहम योगदान है। कहा कि गठबंधन की सरकार में सिर्फ लुट खसोट, अत्याचार, हत्याएं रंगदारी जैसे अपराधिक घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। रागिनी सिंह ने कहा कि नाई समाज के लोग मजदूर मसीहा स्व सूर्यदेव सिंह के समय से ही जुड़े है। उन्होंने सभी से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान नाई समाज के अध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा सचिव प्रदीप कुमार शर्मा अरविंद कुमार डॉक्टर सत्यनारायण ठाकुर अनिल शर्मा सुनील शर्मा विजय शर्मा डॉक्टर शिव कुमार शर्मा ललन शर्मा राजेंद्र ठाकुर मंटू ठाकुर भूषण शर्मा सनी शर्मा किशोर शर्मा जितेन्द्र शर्मा वासुदेव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### बोकारो डीपीएस के वार्षिकोत्सव में 365 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

# नाकामी से सीखने वाले ही जीवन में छोड़ते हैं अपनी अमिट छाप : राजन

उत्साह, समर्पण और धैर्य के साथ उत्कृष्टता का करते रहें प्रयास : प्राचार्य डॉ गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव नक्षत्र शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत व नृत्य प्रस्तुतियों की सतरंगी छटा के बीच विद्यालय के प्रतिभावान सितारे खूब चमके। समारोह में सत्र 2023-24 में असाधारण शैक्षिक प्रदर्शन के लिए कक्षा 6 से 11वीं के कुल 365 प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैज व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि, लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को ब्लू बैज, ब्लू ब्लेजर व सर्टिफिकेट देकर नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन व अतिरिक्त प्रभार, संकार्य) एवं बोकारो डीपीएस प्रबंधन समिति के प्रो-वाइस





चेयरमैन राजन प्रसाद के साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रीति शरण ने बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजन प्रसाद ने कहा कि डीपीएस बोकारो देश का एक ऐसा शैक्षणिक संस्थान है, जिसने अपनी उत्कृष्टता का मानक लगातार बरकरार रखा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे यकीनन अपना लक्ष्य प्राप्त करें, पर जब तक वे समाज, राष्ट्र और मानवता के उत्थान में अपना योगदान नहीं देंगे तब तक शिक्षा की सार्थकता नहीं होगी और सारे विकास बेमानी होंगे। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी सफल नहीं हो सके, वे हतोत्साहित होने की बजाय अपनी असफलता से सीख लें और लगातार कोशिशें जारी रखें। खुद पर भरोसा रखेंगे तो ही जीवन में आनेवाली चुनौतियों से वे लड़ सकेंगे और विजयश्री हासिल कर सकेंगे। असफलता से सीख लेने वाले ही जीवन में अपनी अमिट छाप छोड़ते हैं। वहीं, प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि होनहार बच्चों को सम्मानित करने से उनकी प्रतिभा और निखरती है। उन्होंने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें उत्साह, समर्पण और धैर्य के साथ उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयासरत बने रहने को प्रोत्साहित किया।

## वेदांता इएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने प्लांट परिसर में आयोजित किया रक्तदान शिविर

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता इएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर विभाग के साथ साझेदारी में ईएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारी स्वयंसेवी पहल 'वी फॉर सोसाइटी' की ओर से सियालजोरी प्लांट परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष मार्च में इएसएल स्टील लिमिटेड बोकारो जिले में सबसे अधिक रक्तदान करने वाला संगठन बन गया है। जिसे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो द्वारा भी प्रमाणित किया गया है। यह शिविर भी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, बोकारो और इएसएल स्टील लिमिटेड सीएसआर के स्वास्थ्य-हस्तक्षेप कार्यान्वयन भागीदार सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस दौरान 87 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में संयंत्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने टुंडी में किया नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने टुंडी के डाकबंगला में शनिवार को नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक पता लगाना था। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों का सामुदायिक आधारित मूल्यांकन चेक लिस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया और कैंसर की संभावित लक्षणों के प्रति जागरूक किया। साथ ही रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति (स्त्र02), तापमान, वजन जांच, स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव हरेंद्र सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचाना है।

## राज सिन्हा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, बनायी जीत की रणनीति

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने शनिवार को बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक। जिसमें बूथ नंबर 44, 78, 59 के कार्यकर्ता शामिल थे। धनबाद प्रखंड में विकास चौधरी के आवासीय कार्यालय सियालगुदरी, केंदुआ के दुर्गा मंडप, मटकुरिया दुर्गा मंदिर,



सम्राट होटल बरटांड़ में बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य आदि के साथ बैठक कर चुनाव पर चर्चा और जीत की रणनीति बनायी। राज सिन्हा ने कहा कि भाजपा प्रखंड के विकाश के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर अपना परचम लहराए। कहा कि जनता-कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा की जीत पक्की है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



### चक्रवात के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर 4 अधिकारियों पर कार्रवाई

# 3 पीइओ और एक आरआइ निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चक्रवात दाना के बाद राज्य में बाढ़ की स्थिति पर राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है। हालांकि, उन्होंने बताया कि कुछ इलाकों में जलजमाव की खबरें हैं। बारिश के कारण बूढ़ाबलंग में पानी बढ़ा है, खतरे के ऊपर नहीं गया है। राजस्व मंत्री ने बताया कि सरकार पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

वहीं, चक्रवात गुजर जाने के बाद अब बचाव अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब तक 22 लाख लोगों के घरों तक बिजली संयोग कर दी गयी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को बारिश के कारण काम बाधित हुआ था, जो शनिवार को सुबह शुरू हुआ।

हालांकि, मंत्री ने कहा कि बिजली कनेक्शन का काम शाम तक पूरा हो जायेगा। दूसरी ओर, राजस्व मंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के चक्रवात में घर पूरी तरह टूट गया हैं, वे आश्रय स्थलों में रहेंगे। घरेलू विकल्प उपलब्ध होने तक आश्रय स्थलों में रहने का प्रावधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 7 दिनों के अंदर सब कुछ




सामान्य हो जायेगा।

चक्रवात से हुई नुकसान के संबंध में मंत्री ने कहा कि नुकसान का रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर केंद्र को भेज दी जायेगी। चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जल्द ही एक केंद्रीय टीम आयेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्रीय सहायता से पहले लोगों तक पैसा पहुंचायेगी। वहीं, चक्रवात के दौरान काम में लापरवाही बरतने के आरोप में 4 सरकारी अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि तीन पीइओ और एक आरआइ को निलंबित कर दिया गया है। लापरवाही बरतने के आरोप में आलि के पीइओ संध्या प्रधान, गरदपुर पीइओ जस्मीन सोरेन, राजनगर पीइइ अशोक प्रधान और राजनगर आरआइ विजय कुमार जेना को निलंबित कर दिया गया है।

राजस्व मंत्री ने कहा कि जो खिलाफ कर रहे हैं, उन्हें माफ नहीं किया जायेगा। बेहतर सेवा देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसी तरह चक्रवात दाना के असर से हुई भारी बारिश के कारण पानी में फंसे लोगों को फायर ब्रिगेड ने बचाया। पानी में फंसे हुए तीन लोग घर के अंदर फंस गये। खबर मिलने के बाद देर रात फायर ब्रिगेड ने इन तीनों लोगों को रेस्क्यू किया। रात 12:45 बजे फायर टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। दमकल कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को पानी से बचाया।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का आगाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शनिवार को नटराज योग संस्थान, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप सह योग उत्सव 2024 का उदघाटन धूम धाम से किया गया। इस अवसर पर जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं नटराज योग संस्थान के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन मदन सिंह, वाइस चेयरमैन अमन सिंह एवं डीएवी नीरजा सहाय के प्राचार्या किरण यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रो राजीव अस्थाना, प्रो बीआर सोनी, अंकुरण हॉस्पिटल के चीफ डायरेक्टर डॉ राज नारायण साहू , जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार, आयोजन सचिव सह रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत, गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद मौजूद थे।

इस योग उत्सव 2024 प्रतियोगिता में योगासन, स्पीच, क्विज, पेंटिंग आदि कई प्रतियोगिताओं में कई स्कूल के बच्चे ओर बच्चियां भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम संचालिका सुषमा कुमारी, योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी पदाधिकारी डॉ एस के घोषाल, प्रशांत सिंह, चैताली मुखर्जी, चंदू कुमार, सोनाली सरकार, शंकर राणा, पूजा सिंह, अम्या अंशु, राहुल कुमार, सुजीत कुमार, अजय कुमार, मधु शर्मा, कृतिका जोशी, रैना, ममता कुमारी सहित देवाशीष, अतिथि एवं अर्जुन आदि उपस्थित थे।

# बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर जारी एडवाइजरी

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मांगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर आइटी मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मदद मांगी गयी है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने में मदद के लिए एक्स, मेटा और अन्य प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कार्रवाई की चेतावनी :** फर्जी बम धमकियों के मामले में सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की तरफ से 'उचित परिश्रम' अनुपालन में विफलता के मामले में परिणामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

**सभी राज्यों में बने 'साइबर कमांडो की विशेष शाखा' :** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक परामर्श जारी किया, जिसमें सभी राज्यों से साइबर कमांडो की एक विशेष शाखा स्थापित करने का आग्रह किया गया। यह पहल पिछले सप्ताह भारतीय एयरलाइनों को लक्षित करने वाले 100 से अधिक फर्जी बम धमकियों के जवाब में की गयी है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई और एयरलाइनों को वित्तीय नुकसान हुआ। इनमें से अधिकांश खतरों का पता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खातों से लगाया गया था, जिन्हें वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या डार्क वेब ब्राउजर का उपयोग करके बनाया गया था, जो जांच एजेंसियों द्वारा पता लगाने से बच रहे थे। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और ऐसे खतरों से बचाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना है।

**पीएम मोदी ने की थी विशेष विंग के गठन की सिफारिश :** जनवरी 2023 और 2024 में आयोजित डीजीपी और आइजीपी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री की तरफ से इस विशेष विंग के गठन की सिफारिश की गयी थी। गृह मंत्रालय का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5,000 साइबर कमांडो की भर्ती करना है, जिसमें विंग को राज्य पुलिस संगठनों में एकीकृत किया जायेगा, जो राष्ट्रीय संसाधन के रूप में कार्य करेगा।

### जशपुरिया बीएड कॉलेज, बीसा में दीपावली एवं सोहराय पर्व का आयोजन

# सांस्कृतिक पर्व समुदाय को एकजुट करने वाले महत्वपूर्ण धागे हैं : डॉ अनिल मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जशपुरिया बीएड कॉलेज, बीसा में 26 अक्टूबर को दीपावली और सोहराय पर्व का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक पर्व न केवल हमारे उत्सव हैं, बल्कि हमारे समुदाय को एकजुट करने वाले महत्वपूर्ण धागे भी हैं। इस कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु प्रदीप कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर रंगोली निर्माण और दीया सजावट प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। दीया सजावट प्रतियोगिता में चंदा शर्मा (2024-26) को प्रथम पुरस्कार, आशा माधुरी सरस



(2024-26) को द्वितीय पुरस्कार तथा शालिनी लकड़ा (2023-25) को तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में श्रुति वर्मा एवं उनकी टीम (2024-26) को प्रथम पुरस्कार, आलोक राज बैथा एवं उनकी टीम (2023-25) को द्वितीय पुरस्कार तथा नीलम खोया एवं उनकी टीम (2024-26) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की निदेशक डॉ शालिनी प्रिया सहित अन्य शिक्षकगण जैसे डॉ प्रियंका शर्मा, रीमा उपासना कच्छप, सजिब कुमार, विभा कुमारी ने भी प्रतिभाग किया। सोहराय पर्व की महत्ता पर भी चर्चा की गयी, जिससे सभी प्रतिभागियों को इस क्षेत्रीय पर्व की सांस्कृतिक गहराई का ज्ञान प्राप्त हुआ। इस प्रकार, जशपुरिया बीएड कॉलेज का यह आयोजन सभी के लिए उत्साहवर्धक और सांस्कृतिक जागरूकता से भरपूर रहा।

# मुख्यमंत्री माझी का खराब मौसम के कारण चक्रवात प्रभावित जिलों का कार्यक्रम स्थगित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** समुद्री चक्रवात 'दाना' के असर से बालेश्वर, भद्रक और केन्द्रापड़ा तीन जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। चक्रवात ने पेड़ों और बिजली के बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। इसी को



देखते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तूफान प्रभावित जिलों की स्थिति का हवाई मार्ग से आकलन करने का कार्यक्रम था, लेकिन खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का दौरा स्थगित कर दिया गया है। उधर, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एसआरसी कार्यालय में चक्रवात के बाद की स्थिति की समीक्षा की है। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री केवी सिंहदेव, राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी, मुख्य सचिव मनोज आहूजा के साथ एसआरसी, कृषि सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना
विद्युत/क॰वि॰ विभाग के लिये खुली निविदायें
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र॰सं॰ 01, ई–निविदा संख्या : TRD-OT-08 - AMC-132 KV-24-25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि (36) छत्तीस माह। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 64,40,393.63/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–. **03. बीड सिक्युरिटी:** 1,28,900/–. **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 18.11.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 18.11.2024 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क॰वि॰/धनबाद
पीआर/1396/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32

# सम अस्पताल में मॉलिक्युलर परीक्षण और जीनोमिक्स पर सीएमइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में आयोजित कार्यशाला में मॉलिक्युलर हेमाटोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की गयी, जिसका कैंसर के निदान, पूवार्नुमान और उपचार पर विशेष महत्व रखती है। 'मॉलिक्युलर हेमाटोलॉजी- द जिस भविष्य में जी रहे हैं' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमइ) कार्यक्रम बुधवार को हाइब्रिड मोड पर आयोजित किया गया, इसमें राज्य और राज्य के बाहर के कई डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने भाग लिया था। इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर), फ्लोरोसेंस इन सीटू हाइब्रिडाइजेशन (फीस), साइटोजेनेटिक्स, सेंगर सीक्वेंसिंग और नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग (एनजीएस) से जुड़े उन्नत मॉलिक्युलर परीक्षणों के बारे में बात करते हुए कहा कि ये प्रक्रियाएं हेमाटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और चिकित्सा के अन्य विषयों में रोगी देखभाल की रीढ़ बन गयी हैं।




हेमेटोलॉजी रिसर्च फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर (डॉ) हरप्रसाद पति ने इस सीएमइ में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए और कहा कि मॉलिक्युलर हेमेटोलॉजी कैंसर के निदान, पूवार्नुमान और उपचार के बारे में निर्णय लेने में बहुत सहायक है। जबकि ओडिशा के लगभग सभी अस्पताल और प्रयोगशालाएं इस परीक्षण के लिए ओड़िशा के बाहर की प्रयोगशालाओं से मदद ले रहे हैं। आइएमएस और सम अस्पताल राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज और अस्पताल है जहां एनजीएस परीक्षण सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध हैं।

मॉलिक्युलर और जीनोमिक्स प्रयोग बहुत जटिल हैं और इसके लिए न केवल परिष्कृत प्रयोगशाला उपकरणों की आवश्यकता होती है, बल्कि विशेष तकनीकी जानकारी की भी आवश्यकता होती है। वक्ताओं ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक और उपकरण से स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान में इलाज में लाभ मिलेगा, जबकि आइएमएस और सम अस्पताल सोआ का एक प्रमुख हिस्सा है, इसकी मेडिकल कॉलेज शैक्षणिक प्रणाली बहुत उन्नत है और सुविधाएं जनता के लिए व्यापक रूप से उपलब्ध हैं।

आइएमएस और सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार ने कहा कि संस्थान स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में नये मानक स्थापित कर रहा है और हाल ही में एक युवा रक्त कैंसर रोगी का सफलतापूर्वक इलाज करने के लिए चिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर-टी सेल (कार टी-सेल) थेरेपी का उपयोग करने वाला पहला संस्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि यह पहले ही 70 से अधिक अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) सफलतापूर्वक किये जा चुके है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**